# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 8 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 50 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## आज होगा दिल्ली चुनाव का फैसला
## सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती आज होगी। दोपहर तक लगभग तय हो जाएगा कि आम आदमी पार्टी चौथी बार सत्ता में आएगी या फिर 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने के बाद कांग्रेस भी इस बार कुछ बढ़त की उम्मीद कर रही है। कई एग्जिट पोल ने बीजेपी को आप पर बढ़त दिखाई है, जो 2015 से दिल्ली में सत्ता में है। वोटों की गिनती शनिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी।

## राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन



**अयोध्या।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और पूर्व एमएलसी सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक, कामेश्वर का निधन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में हुआ। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बता दें कि कामेश्वर चौपाल ने ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कामेश्वर चौपाल को प्रथम कार सेवक का दर्जा भी दिया था। कामेश्वर चौपाल वह शख्स हैं, जिन्होंने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए नींव की पहली 'राम शिला' (ईंट) रखी थी। उस समय में वह विश्व हिंदू परिषद के स्वयंसेवक थे। वह बिहार के सुपौल के रहने वाले थे।






### मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संगठन और चुनाव की सरगर्मियों से कुछ फुर्सत मिलने के बाद भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया दैनिक करंट क्राइम के मुख्यालय पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने अखबार के संपादक मनोज गुप्ता और समाचार संपादक दीपक भाटी से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बताया कि किस तरह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में सीएम योगी की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने आज दिल्ली चुनाव के रिजल्ट पर 45 सीट मिलने का दावा भी किया। इस मौके पर शास्त्री नगर से भाजपा पार्षद अमित त्यागी भी मौजूद रहे।

### जब पूर्व अध्यक्ष ने किया क्षेत्रीय अध्यक्ष को फोन तो मिला राहत का क्विक रेस्पोंस

## विद्युत संविदा कर्मचारी की मौत के बाद तत्काल मिली मदद और हो गया समाधान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनता की शिकायत होती है और जनता इस पर राहत चाहती है। शिकायत और एक्शन की व्यवस्था दो सिस्टम पर चलती है। पहला ये है कि अधिकारी सुन लें और मदद कर दें। दूसरा सिस्टम राजनीति का है जिसमें जनता अपने नेताओं से उम्मीद करती है और वो ये मानते हैं कि यदि हमारे नेता मामलें में आयेंगे तो समाधान हो जायेगा। यही व्यवस्था है और राजनीति में नेता भी दो प्रकार के होते हैं। एक नेता वो होते हैं जो होर्डिंग पोस्टर पर दिखाई देते हैं। वो स्वागत कार्यक्रम में दिखाई देते हैं लेकिन जब जनता को राहत देने की बात आती है तो वो दिखाई नहीं देते। एक नेता वो होते हैं जो जनता के बीच रहते हैं और जब बात मदद की आती है तो वो किसी भी छोर पर रहकर पूरा जोर लगाते हैं और मदद कराते हैं। मामला लोनी से जुड़ा हैं और इस मामले में पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने जनता की बात सुनी और सबसे बड़ी बात ये थी कि उन्होंने इस पूरे मामले की गंभीरता को समझते हुए समाधान भी कराया और सरकार की छवि को जनमानस में और अधिक विश्वसनीय तथा लोक कल्याणकारी बनाया। इस सीन में क्षेत्रीय






अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का भी एक बड़ा रोल रहा। सबसे खास बात ये भी रही कि प्रदेश के ऊर्जामंत्री सोमेन्द्र तोमर ने भी पूरी रूचि ली और फिर ये हुआ कि एक परिवार को मदद की उम्मीद बंधी।

मामला विद्युत विभाग से जुड़ा है और लोनी ब्लॉक का ये मामला है। बताते हैं कि आरीपुर लोनी ब्लॉक में तैनात संविदा कर्मचारी कृष्णपाल पुत्र बुद्धराम निवासी गढ़ी कलंजरी, लाईन पर फाल्ट ठीक करने गया था। वो बिजली घर पर रखे रजिस्टर में अपने जाने और शट डाउन लेने का कारण नोट करके गया था। बताते हैं कि इसी बीच टीला मोड अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय से किसी ने सप्लाई की लाईन ऑन कर दी। काम कर रहा कर्मचारी इसकी चपेट में आ गया और उसकी मृत्यु हो गई। इस बात को लेकर रोष था और बताया जाता है कि कुछ दिन पहले चांद कसाना नाम के संविदा कर्मचारी की भी ऐसे ही विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हुई थी। वो भी बीस साल से संविदा कर्मचारी था। जब ये हादसा हुआ तो मानसिंह गोस्वामी के पास ग्रामीणों का फोन आया। उन्होंने कहा कि वह करंट की चपेट में आकर मारे गये लाईनमैन के शव को ले जाकर धरना देंगे। यहां पर मानसिंह गोस्वामी ने पूरी स्थिति को समझा और राहत मदद के साथ साथ एक हंगामे को भी शांत कर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वह क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया के पास जा रहे हैं और रास्ते में हैं। उन्होंने कहा कि वह पहुंचते ही तुम्हारी बात रखेंगे और मदद करायेंगे। मानसिंह गोस्वामी ने अपना वादा निभाया। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया को पूरा मामला बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने भी मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल मदद के लिए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर को फोन मिलाया। मदद की ये एक्सप्रेस शुरू हुई और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने रेस्पोंस लेते हुए तुरंत ही मानसिंह गोस्वामी से इन मामलों की डीटेल मांगी। मानसिंह गोस्वामी ने ये डीटेल दी और फिर ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ में विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की। मौके पर कोई हंगामा ना हो और किसी प्रकार का अप्रिय माहौल ना हो, इसकी जिम्मेदारी भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने उठाई और वो मौके पर पहुंच गये। क्विक रेस्पोंस लिया गया और मृतक के परिजनों को तत्काल ही साढे सात लाख रुपए की मदद का चेक दिया गया। अधिकारियों ने ये चैक दिया और फिर इसके बाद मृतक के परिजन मृतक के शव को दाहसंस्कार के लिए वैन में ले गये। यहां पर सरकार के अधिकारियों से पहले भाजपा के पदाधिकारियों ने और सरकार के मंत्री ने मोर्चा संभाला। मदद भी दिलाई और सरकार के प्रति जनता के बीच एक विश्वसनीयता भी कायम करायी।

# 377 करोड़ से सुधरेगी गाजियाबाद की दिशा और दशा

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने बनाई पूरी कार्य योजना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 377 करोड रुपए जल्द खर्च करने जा रहा है। जिससे शहर के विकास, सुंदरता हरियाली से लेकर एयर क्वालिटी इंडेक्स और गाजियाबाद को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाने का सपना साकार करने का प्रयास शुरू होगा। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इसकी पूरी कार्य योजना तैयार कर ली गई है। साथ ही 15वें वित्त समिति की स्वीकृति भी मिल गई है। जिसके तहत इंदिरापुरम सहित सभी जोन में निर्माण , उद्यान और जलकल के कार्य कराए जाएंगे। साथ ही अमृत योजना के अंतर्गत 15 करोड रुपए से निगम वॉटर कनेक्शन बढ़ाएगा और वाटर स्काडा की शहर में शुरूआत होगी। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में गाजियाबाद में नगर निगम पेयजल व्यवस्था, सीवर की सफाई, पार्कों का सौंदरीकरण से लेकर गाजियाबाद के प्रवेश द्वार से लेकर ऐतिहासिक स्थल जगमग और सुंदर नजर आएंगे। नगर निगम गाजियाबाद द्वारा शहर के आंतरिक इलाकों से लेकर बाहरी इलाकों के लिए पूरा ब्यौरा तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को 13 करोड रुपए दिए जाएंगे, जिसके जरिए आधुनिक उपकरण इसमें खरीदे जा सके।

### एयर क्वालिटी सुधार के लिए 71 करोड़ और अमृत योजना अंतर्गत 15 करोड़ रु. हुए स्वीकृत

### निगम के हर जोन में होंगे विकास कार्य, बढ़ेगी हरियाली और साफ होगी हवा

### इंदिरापुरम योजना अंतर्गत 185 करोड़, 15वें वित्त अंतर्गत 106 करोड़ रुपये होंगे खर्च

### महापौर और नगर आयुक्त के विजन का दिखेगा शहर में असर

करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर पहले से अधिक साफ- सुथरा, आधुनिक और सुंदर नजर आए, इसके लिए लगातार महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक अपने विजन और अधिकारियों के साथ वार्ता कर शहर के विकास और उत्थान की रणनीति बनाने का काम कर रहे हैं। दोनों ही लोग ग्राउंड लेवल पर काम करने के साथ ही गाजियाबाद नगर निगम का आधुनिकरण भी कर रहे हैं। इसी के तहत गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में जिस तरीके से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से इंदिरापुरम हैंडोवर के समय निर्धारित 185 करोड़ के कार्य योजना बन चुकी है। तो इसके अलावा 71 करोड रुपए से गाजियाबाद की आबोहवा को भी सुधारने का काम होगा। उन्होंने बताया है कि इंदिरापुरम क्षेत्र में 185 करोड रुपए के कार्य योजना बनाई गई है। जिसमें 110 करोड रुपए के टेंडर प्रक्रिया में शामिल करने का निर्णय लिया जा चुका है। वहीं 50 करोड़ से नालों का निर्माण और 50 करोड रुपए सड़क सुधार में लगाए जाएंगे। इसके अलावा 20 करोड रुपए पेयजल व्यवस्था और 25 करोड रुपए से सीवर लाइन के कार्य होंगे। उद्यान विभाग 11 करोड़ से पार्कों का जीर्णोद्धार और प्रकाश की व्यवस्था के लिए 14 करोड रुपए इंदिरापुरम को दिए जाएंगे।

### चमकेगा इंदिरापुरम जोन और सुधरेंगे सड़क से लेकर सीवर व्यवस्था

करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में जलकल विभाग को हाईटेक बनाने और मॉनिटरिंग को ऑनलाइन देखे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही इंदिरापुरम की सड़कें सुंदर हो गड्ढारहित हो। यहां के पार्क पहले से ज्यादा सुंदर और विकसित किया जा सके, इसके साथ ही पुरानी सीवर लाइन को ठीक कराना और नए इलाकों में सीवर ओवरफ्लो ना हो, इसकी समस्या को दूर करने के लिए भी कई तरीके की मशीन और आधुनिक उपकरण खरीदने का प्लान बनाया गया है।

### पेयजल व्यवस्था भी होगी पहले से ज्यादा बेहतर

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद की कोशिश रहेगी कि गाजियाबाद के अलग-अलग जोन और इलाकों में पेयजल की व्यवस्था को पहले से ज्यादा बेहतर किया जाए। इसके लिए तैयारी की जा रही है कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही नलकूप और जो पानी की टंकियां हैं, उनकी जांच, सफाई और मरम्मत कर ली जाए ताकि गर्मियों के दिनों में लोगों को जलापूर्ति के दौरान पेयजल की कमी नहीं पड़े, इसके साथ ही पुराने पंप और बोरिंग को भी दुरुस्त करने का निर्देश अधिकारियों द्वारा संबंधित जोनल अधिकारियों और जलकल विभाग के अधिकारियों को दे दिया गया है।

### कूड़ा कलेक्शन और निस्तारण व्यवस्था भी होगी पहले से ठीक

करंट क्राइम : इसके साथ ही नगर निगम गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल का प्रयास है कि गाजियाबाद में कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को और ज्यादा बेहतर बनाया जाए। इसके साथ ही कूड़ा कलेक्शन करने वाली कंपनियों पर लगातार निगरानी रखने के साथ ही उनसे अधिक बेहतर काम लिया जाए ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके और नगर निगम स्वच्छता के अभियान में सफल और अव्वल बना रहे।

## मैं नंदकिशोर जी विधायक लोनी को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने चक्रवर्ती सम्राट बनने के लिए उत्सुक प्रशासन द्वारा छोड़े गए अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े की लगाम पकड़ी है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैं नंदकिशोर जी विधायक लोनी को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने चक्रवर्ती सम्राट बनने के लिए उत्सुक प्रशासन द्वारा छोड़े गए अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े की लगाम पकड़ी है। महानगर के सभी नागरिकों को समझना पड़ेगा कि ये जो गरीब लोग हैं, सड़कों के किनारे पैंठ लगाकर अपने बच्चों का पेट भरने का काम करते हैं। इनके पास इतने साधन नहीं हैं कि ये स्थाई जगह लेकर अपना कारोबार करके बच्चों और परिवार का पालन पोषण कर सकें। ये कोई गैरकानूनी काम नहीं है। इनके साथ चोर, उठाईगिरे, अवैध शराब बेचने वाले के जैसा व्यवहार अनुचित है। कोरोना काल में देश के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं ठेली पटरी बालों के लिए स्पेशल पैकेज दिया था और बैंकों से ऋण लेकर काम करने की व्यवस्था कराई थी। साप्ताहिक बाजार केवल गाजियाबाद में ही नहीं लगते ये भारत के लगभग सभी शहरों में लगते हैं। बिहार के सोनपुर का पशु मेला तो विश्व प्रसिद्ध है।

ये बात ठीक है कि साप्ताहिक बाजारों के कारण कई बार यातायात में बाधा होती है लेकिन उसके लिए शासन का स्पष्ट निर्देश है कि उजाड़ने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था आवश्यक है। बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए किसी को अपनी ईमानदारी से रोजी रोटी कमाने से रोकना न केवल अवैध है बल्कि अमानवीय भी है। प्रशासन की पुनर्वास में कोई रुचि नहीं है वह अहंकार से लबरेज होकर बिना किसी के वैध कारणों को सुने मनमाने फैसले ले रहे हैं। इन बाजारों की भी अपनी अर्थ व्यवस्था है। ये गरीब लोगों को न केवल रोजगार के अवसर देते हैं बल्कि उन गरीब



**ये बात ठीक है कि साप्ताहिक बाजारों के कारण कई बार यातायात में बाधा होती है लेकिन उसके लिए शासन का स्पष्ट निर्देश है कि उजाड़ने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था आवश्यक है। बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए किसी को अपनी ईमानदारी से रोजी रोटी कमाने से रोकना न केवल अवैध है बल्कि अमानवीय भी है।**

**लोक कल्याण और जनहित तो पता नहीं कहां तेल लेने चले गए हैं। पता नहीं अखबार और जनप्रतिनिधि क्यों मौन हैं? मैं अपने भाजपा के साथियों से बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि जिस दिन गरीब भाजपा का साथ छोड़ देगा उस दिन विजय मृग मरीचिका बन जाएगी ये मेरा निजी अनुभव भी है।**



उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर समान उपलब्ध कराते हैं। हम देखते है कि साप्ताहिक बाजारों में भारी संख्या में लोग खरीददारी करने आते हैं। जो बड़े शो रूम से, दुकानों से, नहीं खरीद सकते वे सारे सामान कम कीमत पर साप्ताहिक बाजार में खरीददारी करते हैं। भट्ठे और भवन निर्माण जैसे कार्यों में लगी लेबर उस क्षेत्र में लगने वाली साप्ताहिक पैठ के अनुसार अपना साप्ताहिक अवकाश लेते हैं और अपनी मजदूरी का हिसाब लेते हैं।

सरकार गरीब को निःशुल्क राशन दे रही है। अति गरीब को वर्ष भर में कपड़ा और अगर कोई निर्धन है तो मृत्यु पर कफन का खर्चा भी देती है। अगर कोई भूख से या ठंड से मर जाय तो उसके लिए जिले के कलेक्टर को जवाबदेह बनाया गया है लेकिन दूसरी तरफ जो अपने परिश्रम से अपने पुरुषार्थ से अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है, उसका रोजगार उजाड़ देना, उसे भूखों मरने पर विवश करना कौन से कल्याणकारी राज्य का नमूना बनाया जा रहा है?

पता नहीं गाजियाबाद को क्या नजर लग गई है, जो अभी नए अफसर आए हैं उनको छोड़कर सारे पुराने अफसरों के एजेंडे पर केवल वो काम है जो अखबारों में सुर्खियां बटोरें। लोक कल्याण और जनहित तो पता नहीं कहां तेल लेने चले गए हैं। पता नहीं अखबार और जनप्रतिनिधि क्यों मौन हैं?

मैं अपने भाजपा के साथियों से बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि जिस दिन गरीब भाजपा का साथ छोड़ देगा उस दिन विजय मृग मरीचिका बन जाएगी ये मेरा निजी अनुभव भी है।

# जब आज ही फैसले की घड़ी है तो जनता चिंता में क्यों पड़ी है

## 'आप' की बनेगी सरकार या खत्म होगा भारतीय जनता पार्टी का वनवास

**नई दिल्ली।** किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यह कल (8 फरवरी) को दोपहर तक तय हो जाएगा। किस पार्टी को क्या मिलेगा और किसे कितना नुकसान हुआ और दावे कितने सटीक बैठे, सब पता चल जाएगा। एग्जिट पोल्स का निचोड़ भी सामने आ गया है। अब तक के सबसे मुश्किल माने जा रहे चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी की अग्निपरीक्षा है, वहीं भाजपा के 27 साल के वनवास पर से भी पर्दा उठेगा। कांग्रेस को भी सांत्वना पुरस्कार मिलने की उम्मीद जगी है। लिहाजा सभी पार्टियों की धड़कने बढ़ी हुई हैं और समीक्षा का दौर खत्म ही नहीं हो रहा है।

वोटिंग प्रतिशत को देखते हुए रणनीतिकार फिलहाल कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि पिछले दो चुनाव की तुलना में वोट प्रतिशत कम रहा है। दिल्ली चुनाव के डेटा के अनुसार, 60.54 प्रतिशत ही वोट पड़े हैं। इससे पहले 2008 में इतनी कम वोटिंग हुई थी, तब 57.8 पर्सेंट वोटर बूथ तक पहुंचे थे। 2015 में वोटिंग करीब 67 प्रतिशत हुई थी, तो आप ने 67 सीटों के प्रचंड बहुमत से सत्ता में वापसी की थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में 62.59 प्रतिशत वोट पड़े। इसमें भी आप का जादू बरकरार रहा और 70 में से 62 सीटों के प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनी।



### केजरीवाल के खिलाफ हर तबके में दिखी नाराजगी : चंद्रचूड़ सिंह



राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर चंद्रचूड़ सिंह की मानें तो दिल्ली का जो वोटिंग पैटर्न दिखा, वह त्रिशंकु वाला ही है। दिल्ली में जातियां भी चुनाव प्रभावित करती हैं और प्रवासी भी। धन बल और निर्धनता भी चुनाव को प्रभावित करते हैं। स्थानीय चुनाव का सही आकलन करना बेहद कठिन है। हालांकि इतना जरूर है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हर तबके में नाराजगी जरूर देखने को मिली। दिल्ली का चुनाव ऐसा होता है, जिसमें सभी फैक्टर काम करते हैं। किसी के पक्ष में लहर नहीं, होती तो हर तबके में आसानी से दिखती। गवर्नेंस का मामला रहा। सरकार को काम नहीं करने दिया जा रहा है। सत्ता पक्ष के विरोध में रोष सभी तबकों में दिखा। लिहाजा केजरीवाल से वोट खिसकता जरूर नजर आ रहा है लेकिन ऐसा नहीं है कि उनकी पार्टी ही खत्म हो जाए।

### मध्य वर्ग का कार्ड भाजपा के पक्ष में जाता दिख रहा

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मध्य वर्ग को खुश करने के फॉमूर्ले पर इस चुनाव को कसा जाए तो यह भाजपा के पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। क्यों यूथ वोटर भाजपा के साथ गए हैं, जो महिलाएं आप की तरफ जा रही थीं, उन्हें मनाने में भाजपा कामयाब रही है। उधर कांग्रेस के लिए भी गुड न्यूज है, क्योंकि वोट प्रतिशत पिछले चुनाव में करीब चार प्रतिशत था वह बढ़कर 10 प्रतिशत तक जाने की उम्मीद राजनीतिक विश्लेषक आंक रहे हैं। इसमें मुस्लिम वोटों को कुछ हद तक वापस खींचने में पार्टी सफल रह सकती है। इसी तरह झुग्गी क्लस्टर में भी कांग्रेस सेंध लगाने में सफल रही है। दूसरी तरफ पूर्वांचल वोटर भी बंटे हुए हैं। कुछ पूर्वांचली महिलाओं में यमुना में छठ पूजा की मनाही से भी नाराजगी स्पष्ट तौर पर दिखी। यहां भी भाजपा आप की महिला सम्मान योजना को कुछ हद तक डेंट करने में कामयाब रहीं है।

### आप और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर : प्रो. एजाज

राजनीतिक विश्लेषक प्रो. तनवीर एजाज कहते हैं कि जब भी वोटिंग प्रतिशत कम होता है तो संभावना सत्ता पक्ष के हक में ही जाती है।



इस बार पिछले चुनाव की अपेक्षा वोट कम भी पड़े। दूसरी बात यह है कि अगर कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ता है तो यकीनन आम आदमी पार्टी को नुकसान होगा। लिहाजा हम कहने की स्थिति में हैं कि आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हो जाएगी। इन दोनों पार्टियों में गेम कोई भी जीत सकता है। कांग्रेस बेहतर करती है तो त्रिशंकु सरकार की बातें भी हैं हालांकि इसकी संभावना कम है। इतना जरूर है कि वोट के बंटवारे से भाजपा की सीटें काफी बढ़ेंगी। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ेगा।

### केजरीवाल के भ्रष्टाचार से तंग आई जनता : वीरेंद्र सचदेवा



बैठक के बाद वीरेंद्र सचदेवा मीडिया से बातचीत में पूरी तरह से जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार में डूबे अराजक, अकर्मण्य शासन से तंग आ चुकी है। दिल्ली के सभी वर्गों के लोगों ने केजरीवाल विरोधी निर्णायक मतदान किया है। कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव का नतीजा शनिवार को अप्रत्याशित होगा और भाजपा इस चुनाव में 50 सीटों से अधिक जीतकर सरकार बनाएगी। कहा कि दिल्ली के लोग सरकार के भ्रष्टाचार, अराजकता से परेशान हैं। पेयजल किल्लत और टूटी सड़कों का सामना कर रहे हैं। शीशमहल बनाने वाले के खिलाफ झुग्गियों में भी रोष है। महिलाओं में इस बात को लेकर रोष दिखा कि महिला सम्मान निधि के नाम पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। भाजपा की चिंता अब यह है कि उन गरीबों व झुग्गी बस्ती के लोगों को नारकीय जीवन से कैसे उबारे। पार्टी के संकल्प पत्र को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को पहले दिन से ही काम शुरू करना होगा।

### भाजपा का 50 सीटें जीतकर सरकार बनाने का दावा

मतदान खत्म होने के बाद राजनीतिक पार्टियों का जीत-हार वाला समीकरण दिनभर चला। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बृहस्पतिवार को इस पर समीक्षा बैठक की। किस बूथ पर किस तरह का मिजाज था और फॉर्म- 17 के आंकड़े क्या कह रहे हैं, इस पर दिनभर माथापच्ची चली। भाजपा ने इस समीक्षा के बाद दावा किया है कि 70 में से 50 विधानसभा सीटें जीतकर पार्टी सरकार बनाएगी। सूत्रों की मानें तो जादुई आंकड़े के आसपास भी पार्टी रहती है तो सरकार बनाने में राजनीतिक समीकरण बिठाकर सत्ता में आएगी। भले ही इसके लिए जोड़तोड़ करने की स्थिति भी क्यों नहीं हो। दिल्ली भाजपा ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़े सभी 70 उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंट, जिला अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। भाजपा के राष्ट्रीय नेता शिव प्रकाश, चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह प्रभारी अतुल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सभी सांसद बैठक में शामिल हुए।

---

### गरमाती सियासत के बीच आप के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का आरोप

# भाजपा आप उम्मीदवारों पर डाल रही डोरे

**नई दिल्ली।** गरमाती सियासत के बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा उनके उम्मीदवारों पर डोरे डाल रही है। अब तक उनके 16 उम्मीदवारों को भाजपा की तरफ से फोन किया जा चुका है। उन्हें लालच देकर भाजपा में शामिल करवाने की कोशिश की जा रही है।

#### 'आप के 16 उम्मीदवारों को फोन'

उम्मीदवारों से कहा जा रहा है कि आप छोड़ कर भाजपा में आ जाओ। मंत्री बना देंगे और 15-15 करोड़ देंगे। सोशल मीडिया पर केजरीवाल ने लिखा कि कुछ एजेंसी दिखा रही हैं कि भाजपा की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं।





**आतिशी ने भी दी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया :** एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर गाली गलौज पार्टी की 50 से ज्यादा सीटें आ रही हैं, तो यह हमारे प्रत्याशियों को संपर्क करके तोड़ने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? यह दिखा रहा है कि एग्जिट पोल एक साजिश है। आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की।

#### 'सभी सर्वे फर्जी हैं': केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि अगर ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो आप उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है। सभी सर्वे फर्जी हैं। इसके माध्यम से दिल्ली में माहौल बनाकर आप के उम्मीदवारों को साधने की कोशिश की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने भी एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर निशाना साधा है।

---

### केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी की टीम, 15 करोड़ के ऑफर के दावे पर जांच शुरू

# दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के घर के अंदर नहीं मिली एंट्री, गेट से लौटी एसीबी की टीम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को दिल्ली की सियासत में उबाल आया है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रत्याशियों के खरीदने के दावे के बाद अब मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है।

बताया जा रहा है कि एसीबी की तीन सदस्यीय टीम केजरीवाल के घर पर मौजूद है और वह उनसे 15 करोड़ के दावे को लेकर पूछताछ करेगी। आप की लीगल टीम के प्रमुख संजीव नसियार का कहना है कि एक की टीम मेरा नोटिस की आई थी बाद में नोटिस कहीं से मंगाया गया और फिर हमें नोटिस दिया है और नोटिस में यह नहीं बताया है कि शिकायतकर्ता कौन है। बस एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट का हवाला दिया है।



केजरीवाल के घर के बाहर से एसीबी की टीम बैरंग लौट गई। वह पूछताछ नहीं कर सकी है। एसीबी कार्यालय से शिकायत देकर संजय सिंह बाहर निकल गए हैं। एसीबी ने नोटिस दिया और देकर निकल गई है।

---

# बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** फिल्म अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने गुरुवार को संगम में डुबकी लगाई। वह अपनी मां के साथ प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने यहां की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की सराहना की। कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां यूपी सरकार ने काफी अच्छी व्यवस्था की है। मैंने सोशल मीडिया पर एक रील देखी थी, जिसमें एक बुजुर्ग महिला खो गई थी। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं कि यहां इतनी भीड़ होती है कि लोग यहां आकर खो जाते हैं। मगर सरकार ने इतनी अच्छी व्यवस्था की है कि जो खोए, वे फिर से अपने परिवार को मिल गए ह्व

आस्था, अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं के विराट समागम एवं विश्व के सबसे बड़े धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन महाकुम्भ में सम्मिलित होने के लिए संगम नगरी प्रयागराज पहुंचीं बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता, उनकी माता सामाजिक कार्यकर्ता रेखा गुप्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री इंद्रेश उपाध्याय का नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने स्वागत और अभिनन्दन किया।



सभी अतिथिगण महाकुंभ की भव्यता, दिव्यता एवं वैभव से काफी प्रभावित थे। जिन्होंने तीर्थराज प्रयागराज की महिमा को प्रणाम किया। अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने विश्व के इस सबसे बड़े आयोजन में व्यवस्था के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की सराहना करते हुए युवाओं को खास संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, आप किसी भी धर्म से हों, बस खुद को लेकर ईमानदार रहें। विदेश से भी लोग यहां स्नान के लिए आ रहे हैं, तो आप भी आइए।

कई सेलिब्रेटी और अभिनेता संगम में कर चुके हैं स्नान

वेब सीरीज ह्यआश्रमह्व फेम अभिनेत्री ईशा गुप्ता से जब पूछा गया कि फिल्मी हस्तियां भी महाकुंभ में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं तो क्या यह केवल एक ट्रेंड हैं? इस पर उन्होंने कहा, एक्टर्स का काम एक्टिंग करना है न कि दूसरों पर कमेंट करना। मैं यहां एक भारतीय व सनातनी की हैसियत से आई हूं, तो यही कहूंगी कि आप भी यहां आइए।

अभिनेत्री ईशा गुप्ता से पहले पूनम पांडे, किटू गिडवानी, फिल्म निमार्ता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा, तनीषा मुखर्जी, ममता कुलकर्णी समेत कई मशहूर हस्तियां महाकुंभ में पहुंच चुकी हैं।

---

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी आग

### संगम के सेक्टर-18 शंकराचार्य रोड का पंडाल चपेट में, कोई हताहत नहीं

**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 में आग लग गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन दमकल विभाग की गाड़ियां और अधिकारी आग बुझाने में जुट गए। यह आग सेक्टर 18 में बने इस्कॉन के शिविर में लगी। शुरूआती जांच में पता लगा है कि आग शिविर के किचन में लगी थी। जहां रखे गैस सिलेंडर के फटने से हादसा हुआ है। हालांकि आधिकारिक रूप से आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। सीएफओ का दावा है कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह करीब 10.30 बजे आग लगने की घटना सामने आई। महाकुंभ मेला क्षेत्र के शंकराचार्य मार्ग पर स्थित सेक्टर 18 में यह घटना घटी। काफी दूर से आसमान में काला धुआं नजर आ रहा है। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। साथ ही आग लगने की वजह की जांच कराई जाएगी।



**इससे पहले 30 जनवरी को छतनाग और झूंसी में लगी थी आग :** महाकुंभ से सटे छतनाग गांव के किनारे अवैध रूप से बनी टेंट सिटी ''जस्ट ए शिविर' में 30 जनवरी को आग लगी थी। जिसमें 15 लग्जरी कॉटेज राख हो गए थे। शुरूआत जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई थी। फायर ब्रिगेड ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया था। गनीमत रही कि आग के वक्त कॉटेज के अंदर कोई नहीं था।

**19 जनवरी को सेक्टर 19 में आग लगने की हुई थी घटना :** 19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और बांस-फूस के बने कई कॉटेज जलकर राख हो गए थे।

---

# उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिनों में बारिश की उम्मीद, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**लखनऊ।** गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसकी वजह से अगले 3-4 दिनों के दौरान पूर्वी और मध्य भारत में बारिश बढ़ने की संभावना है। इसके असर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र समेत उत्तर प्रदेश और पूर्वी भारत में अगले 6-7 दिनों के दौरान भारी बारिश की चेतावनी है। हम यहां उत्तर प्रदेश के मौसम की बात करेंगे।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने आज (16 अगस्त) बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।



ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश से कश्मीर घाटी में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर खत्म हो गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में और अधिक वर्षा होने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी के बारामूला, बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोनमर्ग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हुआ। उन्होंने कहा कि दक्षिणी कश्मीर के कई इलाकों में सुबह के वक्त हिमपात होने की सूचना मिली। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में कल शाम से रुक-रुककर बारिश जारी है। मौसम विभाग ने कहा कि बारिश के कारण शुक्रवार को अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान बीती रात शहर में हिमांक बिंदु से ऊपर पहुंच गया।

---

### महंगी होगी शराब, थोड़ी-थोड़ी पिया करो

# शराब के दामों में अप्रैल से होगा मामूली इजाफा

#### देशी शराब के दाम में 5 रुपये का इजाफा



**लखनऊ।** नई आबकारी नीति में देशी शराब के दाम में 5 रुपये का इजाफा किया गया है। देसी शराब की 200 एमएल की बोतल में अप्रैल माह से 5 रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। हालांकि आबकारी विभाग ने देसी शराब बनाने वाली डिस्टलरी, थोक कारोबारी और फुटकर कारोबारियों का मार्जिन भी बढ़ाया है। फुटकर दुकानों का कोटा 10 फीसद बढ़ाया गया है। इन कदमों से देसी शराब बनाने से जुड़े उद्योग एवं कारोबारियों का मुनाफा बढ़ेगा, साथ ही विभाग को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। बृहस्पतिवार को कैबिनेट ने नई आबकारी नीति में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि नई नीति में कंपोजिट दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है, जिसमें विदेशी मदिरा, बीयर, वाइन की बिक्री एक साथ हो सकेगी। यदि कोई कंपोजिट शॉप का लाइसेंसधारक मॉडल शॉप की अर्हताएं पूरी करता है और अपनी कंपोजिट शॉप को मॉडल शॉप में परिवर्तित करने का अनुरोध करता है तो उससे मदिरा पान शुल्क लेकर परिवर्तन करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

---

### सुबह पांच बजे से शुरू होगी मतगणना प्रक्रिया, 14 टेबलों पर होगी गिनती

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए शनिवार सुबह पांच बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज में वोटों की गिनती के लिए पंडाल बनाकर 14 टेबल सज गई हैं। इन टेबलों पर मतगणना करने वाले 76 कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। इस दौरान आरओ और एआरओ के साथ हर टेबल पर माइक्रो ऑब्जर्वर निगरानी करेंगे। जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप मतगणना की सभी तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया। मतगणना स्थल जीआईसी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध प्रभावी किए गए हैं। मुख्य द्वार पर ही बैरिकेडिंग लगा दी गई है। यहां से सिर्फ पास धारकों को ही प्रवेश मिल सकेगा। परिसर में मतगणना टेबलों के पंडाल के अलावा आरओ, एआरओ, मेडिकल कैंप और मीडिया के साथ प्रशासन व पुलिस के अफसरों के बैठने के लिए भी पंडाल बनाए गए हैं। समूचे परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई गई है। इस पर विभिन्न सीसीटीवी कैमरों के फुटेज प्रसारित होते रहेंगे।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः— 053/निर्माण/2024—25 दिनांक :— 07/02/2025

**ई—टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ई—निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई—प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे **दिनांक 28.02.2025** को **अपराह्नः 03:00 बजे तक** वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को **28.02.2025** को **सायं 04:00 बजे** से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क नॉन रिफन्डेबिल) बेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या—3890/नौ—5—19—149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रक पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाईट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्तें **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**गाजियाबाद नगर निगम**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का व्यापारियों को खुला समर्थन

## कहा जब तक चालू नहीं होंगे बाजार, तब तक रहेंगे नंगे पैर और नहीं खाएंगे अन्न

### नवयुग मार्केट से जिला मुख्यालय तक साप्ताहिक बाजार के दुकानदारों के साथ निकाला नंगे पैर मार्च

### अधिकारियों पर लगाए दिल्ली चुनाव को प्रभावित कराने का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार बंद करने और उनके स्थान परिवर्तन करने को लेकर लगातार माहौल गर्मा रहा है। शुक्रवार को लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर साप्ताहिक बाजार, पैठ, रेहडी ,पटरी पर दुकान लगाने वालों के साथ समर्थन में गाजियाबाद पहुंचे।

उन्होंने नवयुग मार्केट स्थित पार्क से इन व्यापारियों के साथ पैदल मार्च निकाला और जिला मुख्यालय पहुंचे। जिला मुख्यालय पहुंचने पर विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने अधिकारियों को ज्ञापन दिया और कहा की वह गरीबों के पेट पर लात नहीं लगने देंगे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में लगातार अधिकारी तुगलकी फरमान जारी कर रहे हैं। वहीं उनका आरोप है कि दिल्ली के चुनाव और पूर्व में लोकसभा चुनाव से पहले जिस तरीके का काम बिगाड़ा गया है, यह वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताएंगे। इस दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस और प्रदेश में बैठे अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुलकर रेहडी, पटरी और साप्ताहिक बाजार दुकानदारों का समर्थन दिया है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जब तक गाजियाबाद के साप्ताहिक बाजार शुरू नहीं होंगे, उनको दोबारा से चालू नहीं किया जाएगा तब तक वह नंगे पैर रहेंगे और अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। इसके साथ ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को शास्त्री नगर, विजय नगर और लोनी के बाजार खुद पहुंचकर लगवाने की चेतावनी भी दी है।







### विधायक बोले गरीबों के पेट पर लात मारी जा रही है

**करंट क्राइम :** लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर साप्ताहिक बाजार वालों के समर्थन में खुलकर मैदान में आ गए हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचने पर उन्होंने जहां अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए तुगलक्की फरमान जारी करने पर कहा है कि वह विधायक हैं और अधिकारियों से बड़े हैं। उनका प्रोटोकॉल चीफ सेक्रेटरी से भी अधिक है। इसके साथ ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि वह गरीबों के पेट पर लात नहीं मारने देंगे। उन्होंने कहा कि जिस जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनकर देश और प्रदेश को सुरक्षित माहौल में बनाया है। ऐसी जनता के साथ में वो विश्वास घात नहीं करेंगे।




### विधायक बोले लोनी में दो लाख लोगों को प्रधानमंत्री का लोन मिला

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के हितेषी हैं और केवल लोनी में ही दो लाख लोगों को प्रधानमंत्री रोजगार योजना और प्रधानमंत्री लोन निधि के तहत लाभ मिला है। वह ऐसी जनता को परेशानी में नहीं देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार को उनके आवास पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग आए थे, जो भूखे थे। उनके घर में चूल्हे नहीं जल रहे हैं। साथ ही जिस तरीके से बाजार बंद कराया जा रहे हैं और उनका स्थान परिवर्तित किया जा रहा है, उससे इन लोगों के जीवन यापन पर गंभीर असर पड़ रहा है।

### कानून व्यवस्था पर फिर उठाएं लोनी विधायक ने सवाल

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को एक बार फिर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाजियाबाद की कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध को लेकर अधिकारियों के खिलाफ हल्ला बोला है। उन्होंने देहात से लेकर नदिया पार और महिला अपराध से लेकर चैन लूट के साथ ही हत्याओं के मामले में इजाफा होने पर खुलकर बयान दिया है और कहा है कि कानून व्यवस्था की स्थिति जिस प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रहते सबसे बेस्ट थी, अब वह खराब होती जा रही है।

### विधायक के साथ नजर आईं पार्षद शीतल चौधरी



**करंट क्राइम :** शुक्रवार को जब जिला मुख्यालय पर साप्ताहिक बाजार, रेहडी ,पटरी और पेट बाजार वालों के समर्थन में विधायक नंदकिशोर गुर्जर पहुंचे तो नवयुव मार्केट से लेकर जिला मुख्यालय तक उनके साथ भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी भी नजर आई। इस दौरान शीतल चौधरी के लिए व्यापारियों ने जिंदाबाद वाले नारे भी लगाए। तो शीतल चौधरी ने भी कहा है कि वह गरीब और व्यापारियों के साथ हैं। उन्होंने कहा है कि बाजार लगने का स्थान तय हो लेकिन गरीबों को इस तरीके से नहीं हटाया जाना चाहिए।

# साप्ताहिक बाजारों का स्थान तय करने के लिए नगरायुक्त ने बनाई टीम

## 13 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग और जोनल प्रभारियों की टीम को देनी होगी सर्वे रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में एक तरफ साप्ताहिक बाजार और पैठ को लेकर मामला बेहद हाईलाइट चल रहा है। तो इसी बीच नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जानकारी दी गई है कि गाजियाबाद में नगर निगम अपने समस्त जोन में वेंडिंग जोन के लिए स्थान तय करेगा। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा साप्ताहिक बाजार के लिए स्वास्थ्य विभाग और जोनल की टीमों को संयुक्त रूप से सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। यह सर्वे अगले पांच दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा और 13 तारीख को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। नगर निगम का प्रयास है कि वेंडिंग जोन और बाजार लगने के लिए उपयुक्त स्थान तय किया जाए ताकि इसके अलावा अन्य स्थानों पर बाजार न लगे और आमजन को होने वाली परेशानी से भी बचा जा सके। बता दें कि इन दिनों गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार को लेकर मामला गमार्या हुआ है। भाजपा के लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर जहां साप्ताहिक बाजार दुकानदारों के पक्ष में खड़े हैं। तो पुलिस व नगर निगम जाम और अन्य व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए उनके स्थान परिवर्तित और बंद करवाने में जुटी हुई है।



### अवैध अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** दरअसल नगर निगम और उनके जोनल प्रभारी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने और वेंडिंग जोन कमेटी द्वारा स्थान तय करने के बाद ऐसे स्थानों को चुना जाएगा जहां अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। उनपर नगर निगम कार्रवाई करेगा, इसके साथ ही जो बाजार लगाने के स्थान तय हो जाएंगे, उसके अलावा किसी भी प्रमुख मार्ग व स्थान पर साप्ताहिक बाजार या अन्य अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र अरुण कुमार यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### टाउन वेंडिंग कमेटी पॉलिसी बनाएगी

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि पैठ बाजार लगाने वाले और पैठ विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान के लिए समस्त जोनल के जोनल प्रभारी की बैठक की गई है। बैठक में साप्ताहिक बाजार के लिए कार्य योजना बनाई गई है। जिसमें सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। जोनल प्रभारी पैठ विक्रेताओं का सर्वे करेंगे , जिसके आधार पर गाजियाबाद नगर निगम एवं टाउन वेंडिंग कमेटी पॉलिसी बनाएगा। साथ ही ऐसे स्थानों को भी चिन्हित किया जाएगा , जहां अस्थाई रूप से बाजारों को लगाया जा सके। सर्वे करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दे दिए गए हैं।

### सरकार ने बनाया गाजियाबाद में 1434 शादियों का महायोग

#### 15 शुभ मुहूर्त में बजेगी सीएम विवाह योजना की शहनाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस वर्ष 15 शुभ मर्हूत के बीच 1434 जोड़े एक साथ वैवाहिक जीवन की डोर में बंधेंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि इन सभी जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत होगा। लखनऊ स्तर से चल रहे इस कार्य में इस बार जनपद का लक्ष्य 1434 लाभार्थियों को लाभान्वित कराने का निर्धारित किया गया है। शुभ मर्हूत फरवरी माह में 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23 तथा मार्च के महीने में 1, 2, 6, 7 और 12 तारीख हैं। सरकार की योजना के तहत विवाह करने वाले जोड़ों को दस हजार रूपये की उपहार सामग्री दी जायेगी। जिसमें वर-वधु के कपड़े चांदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सैट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट तथा दीवार घड़ी हैं। सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्रता की श्रेणी में आने वाले अभिभावकों तथा ऐसी स्वयं सेवी संस्थाएं जिनके द्वारा पुत्रियों का विवाह सम्पन्न कराया जाता है उनसे भी अनुरोध किया गया है कि वो अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाईन आवेदन करते हुए योजना का लाभ प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

#### कन्या की आयु है 18 वर्ष तो करें इस तरह से आवेदन

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत वो परिवार आवेदन कर सकते है जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रूपये की है। कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 हो। ये वेबसाईट https://cmsvy.upsdc.gov.in/ पर स्वयं अथवा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ कन्या व वर का फोटो तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है। शहरी क्षेत्र में आवेदन पत्र नगर निगम तथा नगर निकाया के कार्यालय में जमा किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र में आवेदन पत्र संबंधित विकास खंड कार्यालय में जमा किया जायेगा। नगर निगम, नगर निकाय तथा विकास खंड स्तर से जांच के बाद पात्र पाये गये आवेदकों की पुत्री के सामुहिक विवाह के बाद कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रूपये की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है।

# बेहतरीन तालमेल के साथ सियासी ट्रैक पर साइकिल दौड़ा रहे हैं फैसल और वीरेंद्र

## साथ-साथ मिलकर दिया है एक नया संदेश और कार्यकर्ताओं में भरते हैं ऊर्जा और जोश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी की बात करें तो गाजियाबाद में उसके साथ ये विडंबना रही है कि यहां कोई भी जिला अध्यक्ष रहा हो, कोई भी महानगर अध्यक्ष रहा हो, लेकिन यहां सपा किसी भी चुनाव में नहीं जीती। चाहे वो लोसकभा का चुनाव हो, चाहे वो नगर निगम का चुनाव हो, चाहे वो विधानसभा का चुनाव हो, पार्टी यहां जीत का स्वाद नहीं चख सकी है।

केवल एक विधानसभा उपचुनाव जरूर अपवाद है जब सुरेंद्र कुमार मुन्नी यहां चुनाव जीते थे और इस बात को भी दो दशक बीत चुके हैं। यहां सबसे खास बात ये है कि सियासी रूप से यह भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां अपोजिशन वाली पार्टी को अपनी परफॉर्मेंस दिखानी चाहिए। मगर विपक्षी दलों की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने एक नई नीति पर काम किया है। वो नीति ये है कि जहां हम



कमजोर हैं वहां हम कम नहीं बल्कि ज्यादा जोर लगाएंगे। सबको साथ लेकर चलेंगे तो एक दिन सफलता भी मिलेगी। लगभग दो साल पहले फैसल हुसैन एडवोकेट और वीरेंद्र यादव एडवोकेट को संगठन की कमान सौंपी गई। फैसल को जिलाध्यक्ष बनाया और वीरेंद्र यादव को महानगर अध्यक्ष बनाया गया। जब इन दोनों ने कमान संभाली तो सपा के भीतर ही ये घमासान भी मचा था कि अभी ये नए युवा हैं और इन्हें राजनीतिक रूप से मैच्योर होना है। नए चेहरों को संगठन की कमान नहीं देनी चाहिए थी। लेकिन वो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिले यादव हैं और उन्होंने कुछ सोचकर ही नया प्रयोग किया होगा। अब जब दो साल बीतने के बाद अगर पार्टी के हालात और अध्यक्षों के व्यवहार पर गौर करें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का यह प्रयोग एकदम सही निकला है।

दोनों अध्यक्षों ने अपने व्यवहार से कार्यकताओं का दिल भी जीता है, अपनी कार्यशैली से वरिष्ठों का सानिध्य पाया है और विपक्ष में रहते हुए कार्यालय के कल्चर से लेकर कार्यालय की इमारत को भी चमकाया है।

सबसे खास बात ये है कि जब भी पार्टी हाईकमान से कोई कार्यक्रम आता है तो यहां जिले और महानगर के बीच कोई दूरी नहीं दिखाई देती बल्कि समान रूप से काम होता है और संगठित होकर एक संदेश जनता के बीच जाता है।

### साफ-सुथरा टॉयलेट और कार्यालय सहायक को मिलती है समय पर तनख्वाह, सब बोलते हैं वाह-वाह

**करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव की जोड़ी ने समाजवादी पार्टी के दफ्तरी कल्चर को सुधारा है। दैनिक करंट क्राइम ने कार्यकताओं से बात की। सपा कार्यालय पर दस्तक दी और निचोड़ ये निकला कि वास्तव में सुधार हुआ है। दो साल के कार्यकाल में यहां कार्यालय सहायक की तनख्वाह टाइम से मिलती है। एक बड़ी चीज ये है कि अगर कोई भी पदाधिकारी पार्टी से प्यार करता है तो फिर पार्टी की चीजों से भी प्यार करता है। एक दौर था जब सपा के दफ्तर में टॉयलेट की बुरी हालत थी। खुद सपा के नेता इस बात को स्वीकार करते थे, लेकिन अब सीन पूरी तरह बदल चुका है। आज समाजवादी पार्टी के ऑफिस में टॉयलेट की व्यवस्था पर ही लाखों रुपए खर्च उसे दुरुस्त किया गया है।

### दोनों अध्यक्षों का अंदाज कार्यकर्ता को नहीं होने देते नाराज

**करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का ये अंदाज है कि ये दोनों अध्यक्ष कार्यकताओं का सम्मान करते हैं, उन्हें नाराज नहीं होने देते। दोनों ही अध्यक्ष सहज भाव से काम करते हैं। कार्यकर्ता अगर नाराज हो गया तो ये निवेदन से लेकर क्षमा तक सबसे पहले खुद करते हैं। पार्टी के पुराने कार्यकर्ता गुलाब यादव एक घटनाक्रम से बेहतर बता सकते हैं कि जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव दोनों ही कार्यकर्ता के सम्मान में आगे रहते हैं।

### कार्यकर्ताओं की करते हैं मदद और समझते हैं बिना कहे उनकी जरूरत

**करंट क्राइम।** बताने वाले बताते हैं कि जब कभी पार्टी का कोई धरना या अन्य कार्यक्रम होता है तो दोनों ही अध्यक्ष अपने मन में एक भाव कार्यकताओं के लिये लेकर चलते हैं। पता चला है कि यहां अगर कोई कार्यकर्ता अध्यक्षों के साथ धरना प्रदर्शन में गया है तो वापस लौटकर कार्यकर्ता के भोजन और नाश्ते का प्रबंध ये दोनों कर देते हैं। अगर दूर से कोई कार्यकर्ता आया है तो कई बार ऐसा हुआ है जब बिना कहे कार्यकर्ता को किराया भी उपलब्ध कराया है। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि कई जरूरतमंदों को तो फैसल और वीरेंद्र यादव ने अपनी जेब से भी मदद की है।

### जिले और महानगर के बीच गजब का तालमेल, तभी चल रहा है सबकुछ शानदार

**करंट क्राइम।** एक दौर था जब समाजवादी पार्टी में जिला और महानगर के बीच की दूरी बढ़ जाती थी। ऐसा भी हुआ है कि एक अध्यक्ष की कुर्सी ऊपर वाले कक्ष में तो दूसरे अध्यक्ष की कुर्सी नीचे हॉल में लगी है। मगर यहां दोनों अध्यक्ष एक साथ आते हैं, पार्टी के हर आयाम को तालमेल के साथ पूरा करते हैं। दो साल के कार्यकाल में दोनों के बीच कोई विवाद नहीं है। पार्टी का अगर कोई कार्यक्रम आता है तो जिला और महानगर दोनों संगठित होकर ज्ञापन देने जाते हैं। पीडीए को लेकर रोजाना मीटिंग हो रही है। सभी फील्ड में हैं और अपने व्यवहार से दोनों अध्यक्षों ने कार्यकताओं का दिल जीता है। वरिष्ठों के कदम भी पार्टी कार्यालय पर पड़ने लगे हैं। तालमेल के साथ काम हो रहा है और अपने व्यवहार से इन अध्यक्षों ने साइकिल की सियासी रफ्तार बढ़ाई है। यही वजह भी है कि सपा यहां सबसे प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरकर सामने आई है।

## संपादकीय

# दावोस में भारतीय राज्य

घरेलू निजी निवेश की कमजोरी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में धीमी गति से हो रही वृद्धि के बीच केंद्र और राज्य सरकारों ने दावोस के स्विस स्की रिजॉर्ट में आयोजित हो रही विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में कामयाबी का हरसंभव प्रयास आरंभ कर दिया है। वहां हमारे देश के दो पविलियन होंगे। एक केंद्र सरकार के लिए और दूसरा छह राज्यों के प्रतिनिधियों के लिए जिनमें तीन मुख्यमंत्री शामिल हैं। केंद्र का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे हैं जिनके पास रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी जैसे अहम मंत्रालय हैं। उनका कहना है कि उनकी योजना देश के समावेशी वृद्धि के एजेंडे को प्रचारित करने की है। दावोस में अपना प्रतिनिधिमंडल भेजने वाले राज्य हैं महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और उत्तर प्रदेश। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी वहां विदेशी निवेशकों को अपने–अपने प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने का प्रयास करने वाले हैं। इसमें कोई शक नहीं कि दावोस भारत के लिए बहुत मायने रखता है। उदाहरण के लिए आंध्र प्रदेश वहां 15 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। नायडू वहां 19 बैठकों में शामिल होंगे और प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री 50 बैठकों में शामिल होंगे। लगभग सभी राज्यों ने अपनी–अपनी पहलों की ब्रांडिंग की है। उदाहरण के लिए बुलिशऑन टीएन, तेलंगाना राइजिंग 2050 आदि। यह बताता है कि मिशन कितना सक्रिय है और इस मान्यता की भी अपनी सीमाएं हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा आर्थिक गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करने के लिए भारी काम करना पड़ता है। परंतु इन प्रयासों की उपयोगिता पर भी सवाल उठते हैं क्योंकि इनमें राज्यों के पदाधिकारियों को बहुत अधिक समय तथा धन व्यय करना होता है। निस्संदेह दावोस को उन अवसरों के लिए जाना जाता है जो वहां परदे के पीछे उत्पन्न होते हैं। इसलिए संभव है कि भारतीय अधिकारियों के ये प्रयास उपयोगी नतीजे निकालने वाले हों। परंतु अन्य मुख्यमंत्रियों द्वारा इससे पहले के सालों में वहां की यात्रा बहुत अधिक सफल नहीं रही। ऐसा इसलिए हुआ कि भारत को वहां अपेक्षित तरजीह नहीं मिलती। इस वर्ष जबकि चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन आ रहा है, हालात बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए नायडू के बारे में खबर है कि वह वहां दो राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं, हालांकि उन नेताओं की पहचान अभी सामने नहीं आई है। इसके साथ ही जिन विदेशी निवेशकों से संपर्क किया जा रहा है वे उचित ही यह पूछ सकते हैं कि आखिर घरेलू निवेशक अपने ही देश में निवेश करने से क्यों हिचकिचा रहे हैं। इसके बजाय दूसरे देशों में हो रहा भारतीयों का निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा इनमें से हर राज्य, हर वर्ष निवेशक सम्मेलन आयोजित करता है जहां देश भर से निवेश प्रस्ताव आते हैं। वह निवेश शायद ही कभी जमीनी परियोजनाओं में फलीभूत होता हो।

# एमपीसी के ऐलानों के बाद बाजार में उतार-चढ़ाव

## सेंसेक्स 198 अंक गिरा, निफ्टी 23600 से नीचे

**नईदिल्ली।** तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 197.97 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 582.42 अंक या 0.74 प्रतिशत गिरकर 77,475.74 अंक तक गिरा। एनएसई निफ्टी 43.40 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,559.95 पर आ गया। शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती से बाजार को कोई बड़ा झटका नहीं लगा और विदेशी पूंजी निकासी के बीच निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 197.97 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 582.42 अंक या 0.74 प्रतिशत गिरकर 77,475.74 अंक तक पहुंचा। एनएसई निफ्टी 43.40 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,559.95 पर आ गया।

### आईटीसी के शेयरों में 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त

30 शेयरों वाली ब्लू-चिप कंपनी आईटीसी के शेयर में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी ने कमजोर मांग और इनपुट लागत में तीव्र वृद्धि के कारण दिसंबर तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 7.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ इसके 5,013.16 करोड़ रुपये रहने की जानकारी दी है। भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड के शेयर भी कमजोर हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) 



प्रशांत तापसे ने कहा, चूंकि ब्याज दरों में कटौती से कोई बड़ा आश्चर्य नहीं हुआ, इसलिए निवेशकों को नए आरबीआई गवर्नर की टिप्पणियों में कुछ भी दिलचस्प नहीं लगा। बैंकिंग, तेल व गैस, एफएमसीजी और बिजली कंपनियों के शेयरों में एफआईआई की लगातार मुनाफावसूली ने निवेशकों को सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया है। लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील में 4 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारतीय एयरटेल के शेयर चार प्रतिशत चढ़े भारती एयरटेल के शेयर में लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्योंकि कंपनी ने बताया कि उसका समेकित शुद्ध लाभ पांच गुना से अधिक बढ़कर 16,134.6 करोड़ रुपये हो गया है। यह वृद्धि इंडस टावर कारोबार के समेकन और टैरिफ बढ़ोतरी के लाभ के कारण संभव हुई है। जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाभ में रहने वाले अन्य शेयर रहे। ब्याज दर संवेदनशील रियल्टी और ऑटो क्षेत्र के कुछ शेयर सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की। इस दौरान रेपो रेट में 25 आधार अंकों में कटौती करने का एलान किया गया है। इसके अलावे एमपीसी के फैसलों में क्या खास रहा रेपो दर (अल्पकालिक उधार दर) 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत की गई। पांच साल के अंतराल के बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की गई; पिछली कटौती मई, 2020 में हुई थी। तटस्थ मौद्रिक नीति रुख जारी रहेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान। वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति घटकर 4.2 प्रतिशत पर आने का अनुमान। चालू वर्ष में इसके 4.8 प्रतिशत रहने की संभावना। खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद। मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि की उम्मीद, लेकिन यह मध्यम रहेगी। बैंकों का विशेष इंटरनेट डोमेन बैंक डॉट इन, जबकि गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए फिन डॉट इन होगा। आरबीआई ने वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि को चुनौतीपूर्ण बताया। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत व जुझारू बनी हुई है। चालू खाते के घाटे के टिकाऊ स्तर के भीतर बने रहने की उम्मीद। 31 जनवरी तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 630.6 अरब अमेरिकी डॉलर था। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक सात-नौ अप्रैल को होगी।

# फोन पे ने खाता एग्रीगेटर व्यवसाय से हाथ खींचा

## केरल में 27000 करोड़ के घाटे का बजट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे ने शुक्रवार को कहा कि वह खाता एकत्रीकरण कारोबार से बाहर हो गई है, क्योंकि वह अपनी उम्मीद के मुताबिक सेवाएं देने के लिए पर्याप्त साझेदार नहीं जोड़ सकी। वहीं, केरल सरकार ने शुक्रवार को 27000 करोड़ रुपये के घाटे का बजट पेश किया है। देश की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे ने शुक्रवार को कहा कि वह खाता एकत्रीकरण कारोबार से बाहर हो गई है, क्योंकि वह अपनी उम्मीद के मुताबिक सेवाएं देने के लिए पर्याप्त साझेदार नहीं जोड़ सकी। कंपनी ने कहा कि उसने एनबीएफसी-एए लाइसेंस आरबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है, तथा एए परिचालन को बंद करने की पहल की है- जिसके तहत कंपनी को उपयोगकर्ताओं की सहमति से उनकी वित्तीय जानकारी प्राप्त करने तथा ऋण, क्रेडिट कार्ड आदि जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के साथ साझा करने की अनुमति मिल गई थी। फोनपे ने कहा, हमें गर्व है कि हम दो साल से भी कम समय में अपने एए प्लेटफॉर्म पर लगभग 5 करोड़ भारतीयों को पंजीकृत करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं के कारण, हम अपने प्लेटफॉर्म पर उतने



वित्तीय सूचना प्रदाताओं (एफआईपी) को शामिल नहीं कर पाए हैं, जितने हम चाहते थे... इसलिए फोनपे ग्रुप ने अकाउंट एग्रीगेटर व्यवसाय से बाहर निकलने का फैसला किया है और इसके बजाय हम बाजार में अन्य एए के साथ साझेदारी करेंगे। वॉलमार्ट समूह की इस कंपनी को जून 2023 में एए लाइसेंस प्राप्त हुआ था। कंपनी ने कहा कि वह अपने एए उपयोगकर्ता आधार तक शीघ्र ही संपर्क कर उन्हें निर्णय के बारे में सूचित करेगी।

# आलू-टमाटर की कीमतें घटने से 9% सस्ती हुई शाकाहारी थाली, सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़ गई कीमत

**नई दिल्ली।** दिसंबर में शाकाहारी थाली के दाम 31.60 रुपये रहे हैं। अक्तूबर में 33.30 रुपये के शीर्ष पर पहुंचने के बाद से लगातार कीमतें घट रही हैं। आलू की कीमत पिछले साल के निचले आधार पर 24 रुपये से 35 प्रतिशत बढ़कर 31 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। आलू और दाल की कीमतों में तेजी से जनवरी में घरों में पकने वाली थाली की कीमत सालाना आधार पर दो फीसदी महंगी होकर 28.70 रुपये पर पहुंच गई है जो जनवरी, 2024 में 28 रुपये थी। हालांकि, दिसंबर में घरेलू गैस और टमाटर के सस्ते होने से मासिक आधार पर दाम 9 फीसदी घट गया है।



मांसाहारी थाली 17 फीसदी महंगी चिकन के दाम में वृद्धि से जनवरी में मांसाहारी थाली की कीमत 17 फीसदी बढ़कर 60.6 रुपये हो गई है। जनवरी, 2024 में यह 52 रुपये थी। मासिक आधार पर यह चार फीसदी घटी है। दिसंबर में 63.30 रुपये दाम था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- टमाटर कई अलग–अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है।
- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे भारी टमाटर का वजन 3.51 किलोग्राम (7 पौंड 12 औंस) था और यह जी ग्राहम द्वारा साल 1986 में ओकलाहोमा, यूएसए में उगाया गया था।
- वेस्टर्न यूनियन था कि अलेक्जेंडर ग्राहम बेल और उनके सह–आविष्कारक ने पहले अपना पेटेंट टेलीफोन के लिए ले लिया था।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्सा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

डॉक्टर– तुम्हारी एक किडनी फेल हो गई है।
सोनू– पहले तो बहुत रोया, फिर आंसू पोंछकर बोला साहब ये भी बता दीजिए कि कितने नंबर से फेल हुई है?

---

दादा – कमर में बहुत दर्द है।
जरा शर्मा जी के घर से आयोडेक्स ले आओ।
दादी – अरे... वो नहीं देंगे, बहुत कंजूस हैं।
दादी – हां हैं तो खानदानी कंजूस।
पता नहीं इतने पैसे लेकर कहां जाएंगे?
मर जाएंगे यूं ही,
ऐसा करो अलमारी से तुम अपना ही आयोडेक्स निकाल लो, दर्द कुछ ज्यादा ही है।

---

पत्नी– ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति – ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो ना, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

## 08 02 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



इशिता राज शर्मा (अभिनेत्री)



आदेश शर्मा (समाजसेवी)



अनीशा विजय बाल्मीकि



प्रेमचंद भाटी



वीरेंद्र जाटव



अजय कुमार हरित



मनुत्यागी



प्रिंस



एसपी सिंह



महेंद्र सिंह आर्य



संजीव त्यागी



उदित त्यागी



सुशील सोनी



अमित सोनी



सार्थक गर्ग



सुनील पंवार



ब्रह्मनंद पुरी



रिहान अंसारी



मनोज कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत को इसकी चिंता होनी चाहिए, पाकिस्तान के अंतरिम कोच ने बुमराह की चोट पर कसा तंज


**कराची ।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद ने कहा है कि भारत को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को होने वाले मुकाबले से पहले अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर चिंतित होना चाहिए। बुमराह पीठ में चोट की वजह से सिडनी टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। इसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। वह अभी बंगलूरू में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं, जहां स्कैन किए जाने के बाद उनकी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर स्पष्टता आएगी।





### हम बुमराह को ही सोचकर प्लान नहीं बनाएंगे'

आकिब ने बुधवार को लाहौर के गनी ग्लास मैदान में पाकिस्तान के ट्रेनिंग सेशन के मौके पर कहा, 'भारत को बुमराह की फिटनेस के बारे में चिंतित होना चाहिए। जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हैं तो सबसे खूबसूरत बात यह है कि आप किसी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। शीर्ष आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें खेल रही हैं। अगर किसी टीम के पास बुमराह जैसा गेंदबाज है तो यह प्लस प्वाइंट है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हम सिर्फ उन्हीं को सोचकर सारी योजनाएं बनाएंगे।



चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम चयन को लेकर भी काफी विवाद हुआ था। अहमद शहजाद से लेकर वसीम अकरम तक ने इस चयन की आलोचना की थी। टीम में फहीम अशरफ और खुशदिल शाह के चयन पर आलोचकों ने निशाना साधा था। इस चयन को लेकर फैंस में बहुत नाराजगी है। फैंस का मानना है कि इन्होंने हाल फिलहाल में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। हालांकि, आकिब ने इसका बचाव किया है।

**फहीम और खुशदिल को लेकर आकिब का बयान :** उन्होंने कहा, 'दो मैचों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव करना सही नहीं है। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी में खेलती दिख सकती है। जब आप न्यूजीलैंड, भारत और बांग्लादेश के खिलाफ तीन पूल मैचों पर गौर करते हो तो आपको शीर्ष सात बल्लेबाजों की जरूरत होती है जिसमें दो आलराउंडर सहित चार गेंदबाजी विकल्प होते हैं।' टीम के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम कर रहे आकिब ने कहा, 'फहीम और खुशदिल दोनों ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की तुलना में उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने के लिए बेहतर विकल्प हैं।'

पाकिस्तान का लक्ष्य 325+ रन बनाने का' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्य न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से लगभग 325 रन बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हाल के वर्षों में टी20 क्रिकेट में 200 रन बेंचमार्क बन गए हैं।

# स्टीव स्मिथ का टेस्ट में शतक ठोकने का सिलसिला जारी, लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया की टीम के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का टेस्ट में शतक ठोकने का सिलसिला जारी है। पिछले कुछ मैचों में वे चार शतक ठोक चुके हैं। अगर पिछले 8 प्रोफेशनल मैचों को जोड़ा जाए तो वे 5 शतक जड़ चुके हैं, जिसमें एक शतक टी20 लीग में उन्होंने ठोका था। श्रीलंका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने शतक जड़ा और इस दौरान कई रिकॉर्ड भी उन्होंने बनाए।

स्टीव स्मिथ ने 191 गेंदों में शतक जड़ा है। स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 36वां शतक पूरा किया, जो उनका कप्तान के तौर पर 17वां और एशिया में 7वां शतक था। स्टीव स्मिथ 10 हजार से ज्यादा रन सबसे ज्यादा औसत से बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। स्टीव स्मिथ से ज्यादा औसत 10 हजार से ज्यादा रनों में सिर्फ कुमार संगकारा का है। जैक कैलिस और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर भी उनसे पीछे हैं।



तना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए एशिया में सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड स्टीव स्मिथ ने अपने नाम कर लिया है। इस मामले में उन्होंने एलन बॉर्डर को पीछे छोड़ा है। एलन बॉर्डर ने 6 शतक एशिया में जड़े थे, जबकि स्मिथ अब सात शतक एशिया में जड़ चुके हैं। पिछले ही मैच में उन्होंने बॉर्डर की बराबरी की थी। गॉल में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में भी उनके बल्ले से शतक निकला था।

# दूसरे वनडे में होगी विराट कोहली की वापसी उपकप्तान शुभमन गिल ने दिया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार (09 फरवरी) को कटक में खेला जाएगा। इस मैच में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली वापसी करेंगे। इसकी जानकारी टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने दी। उन्होंने किंग कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।



### दाएं घुटने में सूजन के कारण नहीं खेल पाए थे कोहली

पिछले मैच में कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया था। कोहली की इस परेशानी ने भारतीय टीम की चिंताएं बढ़ा दीं थीं। दरअसल, टीम इंडिया को 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई जाना है। आगामी टूर्नामेंट की तैयारी को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण है।

दूसरे वनडे में खेलेंगे कोहली

नागपुर में पहले वनडे में 87 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।

**अपनी अर्धशतकीय पारी पर क्या बोले गिल :** शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।

**तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में परेशानी महसूस कर रहे गिल :** वनडे में पारी की शुरूआत करते रहे हैं।

# शुभमन गिल ने दिया विराट कोहली की चोट पर बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ।** विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा वनडे खेलेंगे या नहीं यह इस समय का सबसे बड़ा सवाल है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड तीन मैच की वनडे सीरीज का आगाज 6 फरवरी को नागपुर में खेले गए पहले मुकाबले से हुआ। इस मुकाबले की शुरूआत में फैंस का दिल उस समय टूटा जब उन्हें पता चला कि चोटिल होने की वजह से किंग कोहली मैच नहीं खेल रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के दौरान बताया कि विराट कोहली के घुटने में दिक्कत है जिस वजह से वह मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह नागपुर डऊक में श्रेयस अय्यर को खेलने का मौका मिला।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक में खेला जाना है। क्या इस मुकाबले से पहले विराट कोहली फिट हो पाएंगे। फैंस की जुबां पर यही सवाल है।

इस सवाल का जवाब भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल ने देकर फैंस का दिन बना दिया है। उनका कहना है कि विराट कोहली की चोट को लेकर चिंता करने वाली कोई बात नहीं है और कहा है कि स्टार बल्लेबाज कटक में दूसरे वनडे के लिए टीम में वापस आ जाएगा। शुभमन गिल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब वह सुबह उठे तो उनके घुटने में सूजन थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हर तरह का प्रयोग करना चाहते हैं कप्तान रोहित

**नागपुर ।** कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम कुछ खास हासिल करने की कोशिश नहीं करना चाहती, लेकिन जितना हो सके सभी चीजें सही करना चाहेंगे जैसा कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में किया। भारतीय टीम 249 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 221 रन के स्कोर से छह विकेट पर 235 रन पर पहुंच गई। एक छोटी सी बाधा को छोड़कर भारत ने लगभग सही प्रदर्शन किया और चार विकेट की जीत से सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।



### हम यथासंभव सही चीजें करते रहें'

रोहित ने मैच के बाद कहा, 'कुछ खास नहीं। कुल मिलाकर एक टीम के तौर पर, मैं बस यही चाहता हूं कि हम यह सुनिश्चित करते रहें कि हम यथासंभव सही चीजें करते रहें। ऐसा कुछ खास नहीं है जिसे हम हासिल करने की कोशिश करना चाहते हैं। हम गेंदबाजी, बल्लेबाजी और इस तरह की चीजों के मामले में हर संभव कोशिश करना चाहते हैं। इसलिए हम ऐसा करने में काफी हद तक सफल रहे। हालांकि मुझे लगा कि हमें अंत में वे विकेट नहीं गंवाने चाहिए थे।'

उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा करते समय ऐसी चीजें गलत भी हो सकती हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा कि वह भारत के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं क्योंकि टीम लगभग छह महीने के बाद वनडे मैच खेल रही थी। रोहित ने कहा, 'मैं काफी खुश हूं क्योंकि हम सभी जानते थे कि हम इस प्रारूप में लंबे समय बाद खेल रहे हैं इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण था कि हम जल्द से जल्द फिर से एकजुट हों और समझें कि क्या करना है।'

**'खेल में वापसी करने का समय होता है' :** रोहित ने कहा, 'यह थोड़ा लंबा प्रारूप है जहां आपके पास खेल में वापसी करने का समय होता है। जब चीजें आपसे थोड़ी दूर जाने लगती हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह दूर होती रहेगी। आपको वापसी करने कोशिश करनी होती है और हमने ठीक यही किया।' उन्होंने कहा, 'इसका श्रेय सभी गेंदबाजों को जाता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड करेगा अफगानिस्तान का बॉयकॉट

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है, मगर इससे पहले इंग्लैंड में अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला बॉयकॉट करने की मांग उठ रही थी। वहां कई राजनेताओं ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का विरोध किया था। अफगानिस्तान की टीम को विरोध भी झेलना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया ने कई मौकों पर अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना किया है। पिछले महीने, ब्रिटिश सांसदों के एक ग्रुप ने इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज के मैच का बॉयकॉट करने का आग्रह किया था।



दरअसल, 2021 में जब तालिबान ने दोबारा अफगानिस्तान में अपना राज शुरू किया था तभी से वहां पर महिलाओं की क्रिकेट पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। क्छउ के नियमों के मुताबिक जो भी देश पुरुष क्रिकेट खेल रहे हैं उन्हें महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा देना है और कम से कम अपनी एक टीम तो जरूर रखनी है। हालांकि, तीन साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अफगानिस्तान की महिला टीम मैदान पर नहीं उतर सकी है। इसको लेकर ही लगातार

# कपिल-अकरम और पोलक की खास सूची में शामिल हुए जडेजा, दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में हुए शुमार

**नई दिल्ली ।** भारत ने इंग्लैंड को नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत की जीत में कई खिलाड़ियों ने योगदान दिया। इनमें रवींद्र जडेजा भी शामिल हैं। जडेजा ने नौ ओवर में महज 26 रन देकर तीन विकेट झटके। इसमें एक मेडन भी शामिल है। इसी के साथ जडेजा एक खास सूची में भी शामिल हो गए। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 से ज्यादा रन और 600 से ज्यादा विकेट लेने वाले छठे खिलाड़ी बन गए। जडेजा का नाम दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार हो गया है।



### रवींद्र जडेजा के अंतरराष्ट्रीय आंकड़े

जडेजा ने गुरुवार को नागपुर में जो रूट (19), जैकब बेथेल (51) और आदिल रशीद को पवेलियन भेजा। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यानी टेस्ट, वनडे और टी20 को मिलाकर 600 विकेट ले लिए हैं। जडेजा ने 80 टेस्ट में 323 विकेट, 198 वनडे में 223 विकेट और 74 टी20 में 54 विकेट लिए हैं। वहीं, टेस्ट में उनके नाम 3370 रन, वनडे में 2768 रन और टी20 में 515 रन हैं। यानी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 6649 रन हैं। उनसे पहले यह मुकाम पाकिस्तान के वसीम अकरम, दक्षिण अफ्रीका के शॉन पोलक, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी और भारत के महान कपिल देव ने हासिल किया है।

### जडेजा इस खास सूची में हुए शामिल

वसीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6615 रन बनाए थे और 916 विकेट लिए, जबकि पोलक के नाम 7386 रन और 829 विकेट हैं। शाकिब ने तीनों प्रारूप को मिलाकर 14370 रन बनाए और 712 विकेट लिए हैं। वहीं, विटोरी ने 6989 रन बनाए और 705 विकेट झटके। कपिल के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 9031 रन हैं और 687 विकेट हैं। जडेजा के नाम 6649 रन और 600 विकेट हैं।

# नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति का मामला बीसीसीआई की एक मार्च को एसजीएम

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देवजीत सैकिया के सचिव चुने जाने के बाद उनके स्थान पर नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए एक मार्च को मुंबई में विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के सैकिया ने पिछले महीने सचिव पद पर जय शाह का स्थान लिया था। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाला था।



बीसीसीआई ने राज्य संघों को एसजीएम के लिए जो नोटिस भेजा है उसने एकमात्र एजेंडा संयुक्त सचिव की नियुक्ति है। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'बीसीसीआई की एक विशेष आम बैठक (जिसे इसके बाद एसजीएम कहा जाएगा) के लिए नोटिस दिया जाता है, जो बीसीसीआई के संयुक्त सचिव के चुनाव और नियुक्ति के लिए एक मार्च, 2025 को दोपहर 12:00 बजे मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।'

इस पद के लिए बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक डालमिया (पूर्वी क्षेत्र), दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के प्रमुख रोहन जेटली (उत्तर क्षेत्र) और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के संजय नाइक (पश्चिम क्षेत्र) के नाम चर्चा में हैं। जैसा कि बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के मामले में हुआ, बोर्ड के नए संयुक्त सचिव को चुनने के लिए कोई चुनाव नहीं होगा।

नियम के अनुसार एसजीएम बुलाने के लिए 21 दिन का नोटिस जरूरी होता है और बीसीसीआई ने इस शर्त का पालन किया है। बीसीसीआई में इससे पहले 12 जनवरी को एसजीएम बुलाई थी जिसमें सैकिया को नया सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को नया कोषाध्यक्ष चुना गया था। दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# गत चैंपियन मुंबई का हरियाणा से होगा क्वार्टर फाइनल में सामना, सूर्यकुमार और शिवम पर रहेगी नजर

**कोलकाता ।** पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी। बीसीसीआई ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था।

### हरियाणा की होगी मुंबई से टक्कर

हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



### सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे आएंगे नजर

भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है। यही नहीं मुंबई की टीम मेघालय को पारी और 456 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और अब वह बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के पास कई विकल्प हैं और उनके लिए अंतिम एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। अजिंक्य रहाणे के लिए प्लेइंग 11 का चुनाव नहीं होगा आसान पिछले मैच में मुंबई की तरफ से सिद्धेश लाड, आकाश आनंद और शम्स मुलानी ने शतक लगाए थे और यहां तक कि रहाणे ने भी 96 रन बनाए थे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यकुमार और दुबे को किन खिलाड़ियों के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है। यहां तक कि तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी 42 गेंद पर 84 रन की तूफानी पारी खेली थी। **इन गेंदबाजों पर होगी बड़ी जिम्मेदारी :** शार्दुल के साथ बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी और ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी विभाग का मुख्य जिम्मा संभालेंगे। ऐसे में मुंबई का टीम प्रबंधन आयुष म्हात्रे, अमोघ भटकल और सूर्यांश शेडगे में से किन्हीं दो को बाहर कर सकता है। सूर्यकुमार के लिए यह फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में केवल 28 रन ही बना पाए थे।

**गत चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी**

# लोनी में बिजली कर्मचारी का शव रखकर भौपुरा मार्ग पर लगाया जाम

## बिजली विभाग की लापरवाही से हुई मौत, अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी व हंगामा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोनी में बिजली विभाग के लापरवाही से एक कर्मचारी की मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगा दिया। बीच सड़क पर कर्मचारियों का शव रखकर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया।

### भोपुरा मार्ग पर शव लगाया जाम

करंट क्राइम। जाम लगने वाले लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप लगाए। कहा लाइनमैन कृष्ण की मौत बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से हुई है। शटडाउन देने के बाद भी बिजली सप्लाई छोड़ दी गई। जिससे लाइन जोड़ रहे कृष्ण की मौके पर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि कई घंटे होने के बावजूद भी किसी भी बिजली विभाग के अधिकारी ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया। गुस्साए लोगों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को लोनी भोप्रा मार्ग पर बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर रखकर जाम लगा दिया। महिलाएं भी सड़क पर ही धरना देने लगी, धरना प्रदर्शन कर बिजली विभाग के एक्सईएन व उच्च अधिकारी को मौके पर बुलाने मांग करने लगे। पुलिस के समझाने के बाद भी परिवार व सैकड़ो की भीड़ ने जाम नहीं खोला।

# मुंबई के बदमाश की नोएडा पुलिस से मुठभेड़

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित और 25 हजार का था इनाम





**नोएडा करंट क्राइम।** थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने मुंबई ठाड़े से वांछित एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। बदमाश गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। बदमाश की पहचान जतिन उर्फ चीता निवासी सलारपुर हुई है। उसकी उम्र 23 साल है। बदमाश पर मुंबई और नोएडा और दिल्ली में मुकदमे दर्ज है।

### रुकने की बजाय एक किमी तक भागा

करंट क्राइम। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना मिली कि जतिन उर्फ चीता किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इनपुट के आधार पर पुलिस जोड़ियाक तिराहे के पास चेकिंग करने लगी। इस दौरान काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार बदमाश को रूकने का इशारा किया। इस पर बदमाश रुकने की बजाय भागने लगा। बाइक मोड़ी और करीब एक किमी तक पुलिस ने उसका पीछा किया। अपने को घिरता देखकर बदमाश बाइक से उतरा और पुलिस टीम पर फायर कर दिया।



गनीमत रही कि किसी पुलिस कर्मी को गोली नहीं लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक खोखा व एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बिना नंबर प्लेट बरामद की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ये शातिर किस्म का अपराधी है। इसने अपने गैंग के साथ मिलकर लूट, चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया। बदमाश ठाणे नगर मुंबई से भी वांछित चल रहा है।




### भगवा दफ्तर में इस तरह से रूल को फॉलो कर लिया फूल वालों ने

एक दौर वो भी था जब उस पार वाले गोमती नदी हो गये थे और एक दौर ये भी है कि इस पार वाले कह रहे हैं कि दखल नही होनी चाहिये। रूल की काट फूल वालों से बेहतर कोई नही जानता। जिस गेम को चाणक्य अपने फ्रेम में सेट करके चल रहे थे उस गेम में जोड़ी डबल मिक्स के साथ आ गई। रूल ये था कि विधायक जी अपनी विधानसभा के नाम रखेगें और दूसरी विधानसभा में हिमायत की सर्जिकल स्ट्राईक नही करेगें। अब उन्हे क्या पता कि रूल विधानसभा वालों के लिये ही तो हैं लोकसभा वाले इस परिधि में नही आते। सुना है कि सीन में लाईनपार वालों के तीन नाम नदी पार के ही हैं और लोकसभा वालों ने रख दिये। इंदिरापुरम वालों पर विशेष कृपा बख्शी गई और श्याम का ध्यान रखा गया तो शर्मा जी भी इग्नोर नही हुये। कहने वाले ने कहा इस तरह से फूल वालों ने रूल भी फॉलो कर लिया और उधर के तीन नाम भी भिजवा दिये।

### इस बात की है टीस ना तू हैं तीन में और ना ही गिनती में है तीस

वो भगवा देवतुल्य हैं और सबसे बड़ी खूबी है कि हर कृपा की बारिश में वो नहाना चाहते हैं मगर हर बार कोई बूंदो को भड़का देता है। पार्षद वाले टिकट की लाईन में वो लगे और जिला पंचायत की भी सेंटिग बिठा रहे थे। पार्टी ने भी ना देहात में कुछ दिया और ना शहर में कोई कृपा हुई। महानगर की बारी आई तो फुलवा देवतुल्य अध्यक्षी मांगने के लिये लाईन में लग गये। सुना है कि अब वो नामित भी उतनी ही शिददत से मांग रहे हैं। मगर साथ वाले ने ही राज खोल दिया और कहा कि मिले ना मिले मगर गिले तो इस बात के हैं कि ना तो उसका नाम तीन वाले सीन में हैं और ना ही वो तीस वाली गिनती में है

### फूल वालों की रफ्तार दिखी बैंक की कतार में पैंठ के बाजार में

फूल वालों की ये खूबी माननी पड़ेगी कि सरकार में रहकर भी वो अपोजीशन वालों के लिये कोई काम बाकी नही छोड़ते। ई रिक्शा के मैटर पर भी उसके नेता लैटर के साथ आ गये थे और अब जब पैंठ बाजार के मुददे पर कांग्रेस सपा बसपा आप को जिंदाबाद मुर्दाबाद करते हुये माहौल बनाना था उस मुददे पर फूल वालों के क्रांति विधायक नंद किशोर गूर्जर और क्रांति पार्षद शीतल चौधरी आ गये। वो पब्लिक के बीच ये मैसेज देने में पूरी तरह सफल रहे कि डोंट वरी हम हैं तो सही तुम्हारी लड़ाई लड़ने के लिये। लोगो को नोटबंदी का वो समय याद आ गया जब बैंको की कतार में फूल वाले ही चाय बिस्कुट लेकर आ गये थे। शहर में अलग अलग जगहो पर लगने वाले साप्ताहिक पैंठ बाजार वालो के लिये भी फूल वाले ही आगे आ गये और विपक्ष वाले ज्ञापन देते ही रह गये।

### मोदीनगर में खेत में लगी लाग

# 5 बीघा ईख की फसल जली, दमकल की 2 गाड़ियों ने ढाई घंटे में आग पर पाया काबू



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के गांव बेगमाबाद में शुक्रवार दोपहर को एक बड़ी घटना सामने आई, जहां किसान अनिल कुमार के ईख के खेत में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे लगभग पांच बीघा ईख की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग काबू से बाहर हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग को सूचित किया गया, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसी दौरान क्षेत्र में दो अन्य स्थानों पर भी आग लगने की घटनाएं सामने आईं। निवाड़ी के गांव एमपी सिखैड़ा में जंगल किनारे झाड़-झंखाड़ में और मुरादनगर के गांव डिडौली में मंदिर के पास खाली मैदान में रखे कबाड़ में आग लग गई। दमकल विभाग ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। दमकलकर्मी मनोज कुमार के अनुसार, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, हालांकि राहत की बात यह रही कि इन घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। किसान का आरोप है कि बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण आग लगी, जिसकी जांच की जा रही है।

# युवती बनकर किन्नर ने सोशल मीडिया पर की दोस्ती: मिलने पहुंचे युवक के साथ जबरदस्ती बनाया वीडियो



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक किन्नर ने सोशल मीडिया पर युवती का फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक युवक को अपने जाल में फंसाया। गोविंदपुरी की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक, जो पेशे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झांकी कलाकार हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर दस दिन पहले एक कथित युवती से दोस्ती हुई। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और 3 फरवरी को युवक दिल्ली में मिलने पहुंचा। मुलाकात के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ जब युवती की जगह एक किन्नर मौजूद था। इस दौरान किन्नर ने न सिर्फ युवक के साथ अश्लील हरकतें कीं बल्कि उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो भी बना लिए।

शादी से मना करने पर हंगामा करने की धमकी मामला यहीं नहीं रुका, किन्नर ने युवक पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब युवक ने शादी से इनकार किया, तो किन्नर ने उसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। साथ ही धमकी दी कि अगर शादी नहीं की तो वह अपने साथियों के साथ मोदीनगर आकर हंगामा करेगा।

पीड़ित युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस से कर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से युवक और उसका परिवार दहशत में है। यह घटना सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान के खतरों को उजागर करती है।

# कार को बनाया बार, पुलिस ने भेजा जेल

## 3 घंटे के विशेष अभियान में 741 लोग गिरफ्तार, सभी का पुलिस एक्ट में चालान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में चलाए गए तीन घंटे के विशेष अभियान में 741 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, उनके क्षेत्र में सबसे अधिक 334 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोतवाली नगर से 74, विजयनगर से 64, सिहानी गेट से 32, नंदग्राम से 61, कवि नगर से 39 और मधुबन बापूधाम से 64 लोग शामिल हैं। वहीं, ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 147 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में लोग खुलेआम सड़कों पर, शराब की दुकानों के पास शराब पीते हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस पिछले एक महीने से विशेष अभियान चला रही है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को थाने लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। इस अभियान में गाजियाबाद के सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक्सटेंशन वन शालीमार गार्डन में 31 वर्षीय मनोज नेगी पत्नी व एक साल की बेटी के साथ रहते थे। वह मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले थे और यहां किसी सरकारी ठेकेदार के पास नौकरी करते थे। लगभग ढाई साल पहले मनोज नेगी की शादी हुई थी। मनोज नेगी के जीजा द्वारिका दिल्ली निवासी संदीप नेगी ने बताया कि उनकी तबियत खराब चल रही थी। वह गुरूवार की सुबह उन्हें देखने आए थे। इस दौरान अचेतावस्था में पाए जाने पर मनोज को पास के ही निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। संदीप के अनुसार पता चला है कि उन्होंने सुबह दवाई खाई थी और फिर उल्टी होने के बाद लेट गए थे। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।




### जाम छलकाने वाले खाकी से क्यों नहीं डर रहे

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगभग एक महीने से अधिक का समय हो गया है, प्रत्येक जोन और थानाक्षेत्र में रात के समय सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों और खुले में पीने वालों के खिलाफ पुलिस पहरा बैठा रही है। सख्ती भी करती है और कार्रवाई भी हो रही है, मगर इन सबके बीच सवाल उठ रहा है कि बीते एक महीने से जो पुलिस का अभियान चल रहा है, उसमें लगातार कार्रवाई के शिकार लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिटी से लेकर नदिया पार और देहात तक रोजाना फोटो और वीडियो जारी हो रहे हैं, पर सवाल उठ रहा है कि आखिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में जनता पुलिस से डर क्यों नहीं रही है। अभियान इतनी सख्ती से चल रहा है, फिर भी रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोगों पर कार्रवाई हो रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि



अगर कोई अभियान लगातार चलता रहता है,तो उसकी गंभीरता थोड़ी कम हो जाती है और इसका परिणाम यह है कि रोजाना चलने वाला अभियान अब केवल फोटो और संख्या तक सीमित होता नजर आ रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि कई चौकी इंचार्ज और थाना प्रभारी तो इस अभियान से परेशान हो गए हैं, वह शाम होते ही अन्य सभी काम छोड़कर पियक्कड़ों को पकड़ने में लग जाते हैं। पुलिस के इतने बड़े स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद आज भी सिटी से लेकर देहात और नदिया पार से लेकर लाइन पार के तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां अभी भी गाड़ियों की लाइन और पीने वालों की कतार देखी जा सकती है। तो वहीं अभी भी सिटी के कई इलाकों के ठेक भी रात 11 बजे के बाद खुलते हैं। साथ ही पूरे प्रदेश की तरह शटर सिस्टम से अपना काम बखूबी कर रहे हैं। अब सवाल है कि अगर थाने और चौकी वाले रोजाना खाकी के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं , तो इसका जमीनी स्तर पर असर क्यों नहीं हो रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों की माने तो वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश थे कि इस अभियान को आगे भी प्रमुखता और गंभीरता से चलाना है। शहर के मिनी कनॉट प्लेस कहे जाने वाले स्थान को लेकर भी पूरा संदेश दिया गया था, पर अभी भी वहां कार में बार वाला सीन ,अभी भी चल रहा है। इसके साथ ही नदिया पार की हकीकत भी किसी से छुपी नहीं है। कुल मिलाकर सवाल उठ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक महीने से अधिक से जारी करवाई वाले इस अभियान के बाद कार में बार क्यों बन रहे हैं। इसके साथ ही सड़कें पीने वालों से क्यों भरी नजर आ रही हैं। क्या पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को इस अभियान की सफलता और पुलिस कर्मियों को दूर करने के लिए खुद भी तो ग्राउंड रिपोर्ट और अपने अधीनस्थों से एक्टिव मोड अपने का संदेश नहीं देना पड़ेगा।

### हापुड़ की आईजीआरएस रैंकिंग में हुआ सुधार



**हापुड़ करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले ने सरकारी शिकायत पोर्टल आईजीआरएस की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। जनवरी माह की समीक्षा में जिले को प्रदेश में 14वां स्थान मिला है, जो पिछले दो महीनों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन है। नवंबर में जिले की रैंकिंग 18वीं और दिसंबर में 16वीं थी। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि फरवरी की समीक्षा में हापुड़ को प्रथम स्थान पर लाना है। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस उत्तर प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण शिकायत निवारण मंच है, इसलिए इस पर आने वाली हर शिकायत का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रंजिश में की गई हत्या में 7 दोषियों को उम्रकैद

## हापुड़ में 25- 25 हजार का लगाया जुमार्ना

**हापुड़।** हापुड़ में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए जिला न्यायाधीश मलखान सिंह ने एक व्यक्ति की हत्या के मामले में सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला जून 2023 का है, जब हाफिजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चचोई में राजकुमार नामक व्यक्ति की हत्या कर उसका शव बाग में फेंक दिया गया था। मृतक की पत्नी मुनेश द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उनके पति का गांव के ही सुशील के घर आना-जाना था, जिसे लेकर राजू, आकाश, महेश, भूरा, सुशील, श्रीपाल और विकास रंजिश रखते थे। 14 जून 2023 को इन्हीं लोगों ने मिलकर राजकुमार की हत्या कर दी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी सात दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस मामले की सुनवाई मात्र 48 कार्य दिवसों में पूरी की गई, जिसमें 14 गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने अपना निर्णय सुनाया। हाफिजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की और मजबूत साक्ष्य संकलन के साथ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।




# नोएडा के पहले पुष्करिणी तालाब का मार्च में होगा निर्माण

## कंपनियों से मांगे गए आवेदन, 10 करोड़ रुपए होंगे खर्च, नोएडा का बनेगा पर्यटक स्थल

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सोरखा गांव में पहला पुष्करिणी तालाब बनाया जाएगा। ये तालाब प्राचीन सांस्कृतिक विरासतों से प्रेरणा लेकर यहां बनाया जाएगा। इसे एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाना है। बीते करीब छह माह से प्राधिकरण में इस तालाब को लेकर चर्चा थी।

प्राधिकरण का उद्यान विभाग ने इसके लिए सलाहकार कंपनी से डिजाइन तैयार करवाया। अब से जमीन पर उतारने का समय आ गया है। प्राधिकरण ने तालाब निर्माण के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे है। 17 फरवरी तक कंपनी आवेदन कर सकती है। 18 फरवरी को बिड खोली जाएगी। इसमें लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। हालांकि निर्माण में किसी प्रकार की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इस तालाब के दो फायदे होंगे। पहला ये एक पर्यटक स्थल के लिए रूप में विकसित होगा। दूसरा नोएडा के जल स्तर में गिरवाट हो रही है। ये तालाब जल स्तर को स्थिर करेगा और बढ़ाने में मदद करेगा।






इस तालाब का डिजाइन सीढ़ी नुमा होगा। जिसमें पानी सीढ़ियों से आते हुए नीचे तालाब में एकत्रित होता रहेगा। इसी तालाब के बीच में एक फाउंटेन लगाया जाएगा। साथ ही यहां म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया जा सकता है। हाल ही में एसीईओ संजय खत्री ने सोरखा का निरीक्षण भी किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि पुष्करिणी तालाब को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाए। साथ ही तालाब तक पहुंचने के लिए पाथ वे का निर्माण किया जाए और पार्किंग का विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि आने वाले लोगों को यहां दिक्कत न हो। इस पार्क के निर्माण में करीब 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कंपनी को इसे एक साल में पूरा करना होगा।

# गोवंश के अवशेष फेंकने वाले दो तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से आरोपी घायल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले गोवंश के अवशेष फेंकने वाले दो तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बाइक सवार तस्कर के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने गोकशी की घटना से संबंधित अवैध शस्त्र, छुरा और रस्सी बरामद की है।

मुठभेड़ में गिरफ्तार तस्कर साजिद उर्फ सदुआ पुत्र बाबू निवासी उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा का रहने वाला है। वह अभी हाल पता पीली पट्टी जनता कॉलोनी थाना वेलकम जाफराबाद दिल्ली में रह रहा है। साजिद के ऊपर गोकशी के मामले में 25000 का इनामी रह चुका है। वहीं, दूसरा बज्जू उर्फ अज्जू उर्फ वजाहत पुत्र बाबू कुरैशी निवासी ढक्का थाना सैदनगली का रहने वाला है। गोकशी के मामले में उस पर 1500 रुपये का इनाम रह चुका है।

दोनों तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हुऐ हैं। आरोपियों ने एनसीआर क्षेत्र से होंडा सिटी में गाय चोरी कर दिल्ली में काटकर उनके अवशेषों को थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में सड़क किनारे सीवर के गड्ढे में दो प्लास्टिक के कट्टे में भरकर फेंका था। मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार अभियुक्तों पर गैंगस्टर सहित गोकशी,चोरी, हत्या का प्रयास और शस्त्र अधिनियम आदि के 24 से अधिक मामले दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, संभल, अमरोहा व अन्य शहरों में दर्ज हैं। वहीं, उनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# नोएडा के स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## स्कूल के एडमिन पर किया गया मेल

## बच्चों को भेजा घर, जारी की एडवाइजरी






**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर-168 शिव नादर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसका मेल रात में स्कूल के एडमिन को किया गया। सुबह स्कूल खुलते ही एडमिन ने मेल चेक किया। जिसमें धमकी मिली कि स्कूल में बम प्लांट किया गया है। बता दे इससे पहले 5 फरवरी को नोएडा के चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का एक मेल किया था। हालांकि आरोपी छात्र को नोएडा पुलिस ने पकड़ लिया था।

### पेरेंट्स को जारी की एडवाइजरी

करंट क्राइम। बम की धमकी का मेल आते ही स्कूल प्रबंधन की ओर से एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें पेरेंट्स को बता दिया गया कि स्कूल को बंद किया जा रहा है। स्कूल के एडमिन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर बम स्कायड, दमकल की गाड़ियां पहुंची। स्कूल की चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि किसी प्रकार की अफवाह से बचे।

### 5 फरवरी को 4 स्कूलों को मिला था मेल

करंट क्राइम। ये स्कूल नोएडा का नामचीन स्कूल है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते है। इन सभी को बसों के जरिए वापस भेजा गया। थ्रेड मेल मिलते ही पहले बच्चों को ग्राउंड पर एकत्रित किया गया। इसके बाद सावधानी से उनको घर भेजा गया। पुलिस द्वारा पूरे स्कूल की चेकिंग की जा रही है। बता दे 5 फरवरी को जिन स्कूलों को मेल किया गया था उनमें हेरिटेज स्कूल, स्टेप बाय स्टेप स्कूल, ज्ञान श्री स्कूल और मयूर स्कूल शामिल था।

# बीटेक के छात्र का अश्लील वीडियो बना 20 लाख वसूले

**लोनी करंट क्राइम।** गोरखुर निवासी बीटेक के छात्र का अश्लील वीडियो बनाकर 20 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने का मामला सामने आया है। छात्र अंकुर विहार थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में किराए पर रह कर पढ़ाई कर रहा था। छात्र के पिता ने गोरखपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में अब मुकदमा अंकुर विहार थाने में दर्ज किया गया।

गोरखपुर के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस शिकायत देकर में बताया कि उनका बेटा पांच साल पहले अंकुर विहार थाना क्षेत्र के एक मकान में किराए पर रहने के लिए आया था। वह दिल्ली के कॉलेज से बीटेक कर रहा था। आरोप है कि बेटे के पड़ोस में रहने वाली युवती से दोस्ती हुई थी। उससे नजदीकी बढ़ाई और नशीला पदार्थ देकर छात्र के साथ युवती ने अश्लील वीडियो बना लिया। इसमें उसके दो साथियों ने मदद की। इन वीडियो को वायरल करने की धमकी दे छात्र को ब्लैकमेल किया गया।

# मेहर अफरोज शॉन, बांग्लादेश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ढाका ।** बांग्लादेश की मशहूर अभिनेत्री मेहर अफरोज शॉन को गुरुवार शाम में ढाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मेहर अफरोज शॉन जमालपुर जिले में अवामी लीग की सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य रहे मोहम्मद अली की बेटी हैं। अफरोज की मां तुहारा अली पूर्व सांसद हैं और साल 1996 में आरक्षित सीट से सांसद रहीं थी। बीते चुनाव में भी तुहारा अली ने अवामी लीग से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने की मांग की थी। हालांकि पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था।



### भीड़ ने जलाया मेहर के पिता का घर

बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरुवार को जमालपुर सदर उपजिला स्थित नरुंडी रेल स्टेशन इलाके में स्थित मेहर अफरोज के पिता मोहम्मद अली के घर को गुस्साई भीड़ ने आग के हवाले कर दिया था। नरुंडी इलाके में एक समूह विरोध मार्च निकाल रहा था। विरोध मार्च के दौरान ही गुस्साए लोगों ने मोहम्मद अली के घर में आग लगा दी। पिता के घर में आग लगने के कुछ देर बाद ही मेहर अफरोज को हिरासत में ले लिया गया था। हालांकि मेहर पर लगे आरोपों की ढाका पुलिस ने विस्तृत जानकारी अभी नहीं दी है। रिपोर्ट्स हैं कि मेहर अफरोज ने देश में ऐतिहासिक स्थानों पर हिंसा और तोड़फोड़ की कथित तौर पर आलोचना की, जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

**मेहर अफरोज शॉन पर देशद्रोह और कथित तौर पर देश के खिलाफ साजिश रचने जैसे आरोप लगे हैं। ढाका पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि मेहर अफजो शॉन को गुरुवार रात में ढाका के धनमंडी इलाके से हिरासत में लिया गया और बाद में पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया**

### बांग्लादेश में हिंसा का दौर जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से ही हिंसा का दौर जारी है। बीते दिनों बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं और अब गुरुवार को कट्टरपंथी संगठनों ने बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के घर में तोड़फोड़ की गई।

# खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया, तीन अधिकारियों की मौत, छह घायल

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चेक पोस्ट पर हमला कर दिया। इसमें तीन अधिकारियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के अज्ञात आतंकवादियों ने करक जिले के बहादुर खेल इलाके में स्थित चौकी पर चारों तरफ से गोलीबारी की। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जो दो घंटे तक चली। इसके बाद आतंकवादी भाग गए। आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है।




### किसी संगठन ने हमले की नहीं ली जिम्मेदारी

एक अधिकारी ने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों को करक जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जबकि तीन अन्य को पेशावर रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### अनुमान- टीटीपी के आतंकियों ने की वारदात

माना जा रहा है कि तहरीक-ए-तालिबान, पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पाकिस्तान में हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। इनमें से अधिकांश हमलों के लिए टीटीपी को ही दोषी ठहराया गया।

**गहमंत्री ने पाकिस्तान तालिबान को जिम्मेदार ठहराया :** पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने इस हमले की निंदा की और मारे गए अधिकारियों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हमले के लिए पाकिस्तानी तालिबान को जिम्मेदार ठहराया।

# ट्रंप प्रशासन ने 9/11 आतंकी हमले पर नए दस्तावेज सार्वजनिक किए, मुख्य आरोपी की भूमिका समेत कई अहम खुलासे

अमेरिका में 9/11 आतंकी हमले से जुड़े नए दस्तावेज सार्वजनिक किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, इन दस्तावेजों में अभियोजन पक्ष के पास मौजूद सबूतों की विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमें मुख्य आरोपी खालिद शेख मोहम्मद और अन्य आरोपियों की भूमिका के बारे में भी अहम खुलासे भी हुए हैं। इन नए दस्तावेजों में फोन रिकॉर्ड, अल-कायदा की साजिश के वीडियो और अन्य दस्तावेज शामिल हैं, जिनसे पता चलता है कि खालिद शेख मोहम्मद ने हमलावरों के साथ कैसे तालमेल किया था। अभियोजन पक्ष ने हमले के दिन चार विमानों की उड़ानों का अनुकरण भी किया था, जिसके नतीजे अब सार्वजनिक किए गए हैं।



इन सबूतों में उन 2,976 लोगों की तस्वीरें और मृत्यु प्रमाण पत्र भी शामिल हैं, जो न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, पेंटागन और पेन्सिलवेनिया के एक मैदान में मारे गए थे। बता दें कि, पेंसिल्वेनिया में चौथा विमान यात्रियों की बहादुरी के कारण जमीन पर गिरा दिया गया था, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बच गया। इन दस्तावेजों को एक ऐसे समझौते के तहत उजागर किया गया है, जिसमें मुख्य आरोपी खालिद शेख मोहम्मद और दो अन्य आरोपियों ने हमले की साजिश रचने की बात स्वीकार कर ली थी। इसके बदले में उन्हें मृत्युदंड की जगह आजीवन कारावास की सजा देने की शर्त तय हुई थी। हालांकि, अमेरिकी रक्षा विभाग इस समझौते को खत्म करने की कोशिश कर रहा है।

**समझौते को सार्वजनिक करने के लिए मीडिया की लड़ाई :** एसोसिएटेड प्रेस, न्यूयॉर्क टाइम्स, एनपीआर, वॉशिंगटन पोस्ट, फॉक्स न्यूज, एनबीसी और युनिविजन जैसी बड़ी मीडिया कंपनियों ने इस समझौते को सार्वजनिक करने के लिए मुकदमा दायर किया है। दस्तावेजों में कई हिस्सों को अभी भी गुप्त रखा गया है, लेकिन यह संभावना जताई जा रही है कि आगे और भी अहम खुलासे हो सकते हैं। इस समझौते में एक अनोखी शर्त यह भी रखी गई थी कि खालिद शेख मोहम्मद को 9/11 के पीड़ितों के परिवारों के सवालों का जवाब देना होगा।

# बांग्लादेश में भीड़तंत्र का कहर बरकरार

**ढाका ।** बांग्लादेश में बेकाबू भीड़ ने ढाका में मौजूद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के घर और उनके कुछ रिश्तेदारों की तमाम संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के नेताओं को भी निशाना बनाया है। जानकारी के मुताबिक, बुलडोजर जुलूस के रूप में किए गए इसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने संपत्तियों की सुरक्षा करने में असमर्थता भी जताई है।



### जुलाई-अगस्त में हिंसा के बाद भारत गईं हसीना

अगस्त 2024 में, शेख हसीना के करीब 15 साल के शासन का अंत हो गया, जब जुलाई महीने से छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद शेख हसीना ने सत्ता छोड़कर भारत में निर्वासन पर मजबूर हुईं। फिलहाल, भारत में रह रहीं शेख हसीना को वापस लाने की मांग बढ़ रही है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत भारत को किसी भी प्रत्यर्पण से पहले संभावित जोखिमों का मूल्यांकन करना होगा।

**बांग्लादेश में शेख हसीना का कार्यकाल :** 76 वर्षीय शेख हसीना बांग्लादेश में सबसे लंबे कार्यकाल वाली प्रधानमंत्री रही हैं। उनका पहला कार्यकाल 1996 से 2001 तक रहा था। इसके बाद आवामी लीग 2009 से 2014 तक सरकार में रही।

# ब्राजील के स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर रोक, सरकार ने बनाया कानून

**रियो डी जेनेरियो ।** ब्राजील के स्कूलों में अब बच्चे स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। सरकार ने नया कानून बनाकर स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रपति लुइज लुला डी सिल्वा ने जनवरी में इस कानून पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इससे पहले अमेरिका और यूरोपीय देशों के स्कूलों में भी स्मार्टफोन पर प्रतिबंध है। ब्राजील के कानून के मुताबिक निजी और सरकारी स्कूलों दोनों में यह प्रतिबंध रहेगा और बच्चे कक्षाओं और स्कूल सभागारों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रतिबंधित रहेगा।

### कानून में कुछ छूट भी दी गई हैं

हालांकि शैक्षिक उद्देश्यों के लिए, शिक्षक की अनुमति से या स्वास्थ्य संबंधी स्थिति में फोन का उपयोग किया जा सकता है। कानून में स्कूलों को खुद के दिशा-निर्देश निर्धारित करने की भी छूट दी गई है, जिसके तहत स्कूल छात्रों को फोन को बैकपैक में रखने, लॉकर में रखने या तय जगह पर रखने की अनुमति दे सकेंगे। ब्राजील की संघीय सरकार द्वारा कानून बनाने से पहले ब्राजील के 26 राज्यों में पहले से ही स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के कुछ न कुछ प्रावधान हैं। सरकार से फोन पर प्रतिबंध लगाने से पहले हुए एक सर्वे में ब्राजील के तीन चौथाई लोगों ने माना कि स्मार्टफोन के इस्तेमाल से उनके बच्चों को फायदों के बजाय नुकसान ज्यादा हुए हैं।

### सामाजिक अलगाव भी प्रतिबंध की बड़ी वजह

शिक्षकों का कहना है कि फोन के इस्तेमाल से छात्रों को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है। साथ ही सामाजिक अलगाव भी एक बड़ा मुद्दा है। जो छात्र तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, वे स्कूल में ब्रेक के दौरान खुद को अलग-थलग कर लेते हैं और सोशल मीडिया के जरिए ही लोगों से जुड़ते हैं। ये भी एक वजह रही कि ब्राजील की सरकार ने स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।



ब्राजील के शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रतिबंध का उद्देश्य छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है, साथ ही तकनीक के ज्यादा तर्कसंगत इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। मई में, एक प्रमुख थिंक-टैंक फंडाकाओ गेटुलियो वर्गास ने कहा था कि ब्राजील में लोगों की तुलना में ज्यादा स्मार्टफोन हैं। स्थानीय बाजार शोधकताओं ने पिछले साल कहा था कि ब्राजील के लोगों का स्क्रीन पर प्रतिदिन 9 घंटे और 13 मिनट बिताते हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की दरों में से एक है।

# केंद्र ने कहा- कनाडा सरकार ने चरमपंथियों को जगह दी, रिपोर्ट में उजागर हुईं अनेक गलतियां

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 1985 के कनिष्क बम विस्फोट घटना से सीखे गए सबक के बावजूद कनाडा सरकार ने चरमपंथियों और अलगाववादियों को स्वतंत्रता के नाम पर अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए जगह दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही।



सरकार से 1985 के कनिष्क बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों की जांच और अभियोजन के संबंध में कनाडा सरकार और अन्य भागीदारों के साथ भारत की भागीदारी की वर्तमान स्थिति और उसके विवरण के बारे में पूछा गया था। सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, एआई-182 कनिष्क बम विस्फोट की योजना और क्रियान्वयन कनाडा में किया गया था। मंत्री ने कहा कि इस नृशंस हमले में 329 निर्दोष लोगों (ज्यादातर भारतीय मूल के) की जान चली गई, जिनमें 24 भारतीय नागरिक शामिल थे। रिपोर्ट ने कनाडा सरकार की अनेक गलतियों को उजागर किया ।

# अमेरिका से बात करना कोई बुद्धिमानी और सम्मान की बात नहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर ने दिए अहम संकेत

**तेहरान ।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करना बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मान की बात नहीं है। खामेनई का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ परमाणु समझौते के मुद्दे पर फिर से बात करने की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि खामनेई का यह बयान उनके ही पूर्व के उस बयान के विपरीत है, जिसमें खामनेई ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही थी। गौरतलब है कि अब भी खामनेई ने अमेरिका से बातचीत न करने का कोई सीधा आदेश जारी नहीं किया।



ईरान ने पूर्व में अमेरिका से बातचीत के दिए थे संकेत

बीते दिनों जब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की तो ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिए थे कि वे परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ट्रंप के संदेश का इंतजार कर रहे हैं। अब अयातुल्ला खामेनेई ने चौंकाते हुए इसके विपरीत बयान दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अधिकतर दबाव बनाने संबंधी एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान ट्रंप ने ये भी कहा कि वे चाहते हैं कि उन्हें इस आदेश का ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न करना पड़े। उन्होंने ईरान के साथ बातचीत को लेकर भी सकारात्मक संकेत दिए थे।

**ट्रंप के गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कही ये बात :** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने भी पूर्व में अमेरिका के साथ बातचीत की वकालत की थी और कहा था कि हमें बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखने चाहिए, लेकिन अब खामेनेई ने अमेरिका से बातचीत को सम्मान के खिलाफ बताया है। ईरान के स्टैंड में बदलाव ट्रंप के हालिया बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल मंगलवार को ट्रंप ने इस्राइली पीएम के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था ।

# एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीख का एलान फीस और अन्य जरूरी जानकारी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा विभाग (यूएससीआईएस) ने साल 2026 के लिए एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीखों का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक 7 मार्च से लेकर 24 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थियों में भारतीय भी शामिल हैं। एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करने की सुविधा देता है। इस वीजा के जरिए अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत, चीन आदि देशों के हजारों कुशल कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी पर रखती हैं।




यूएससीआईएस ने बताया कि आवेदनकर्ता को यूएससीआईएस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की फीस 215 डॉलर होगी। एच-1बी वीजा के सबसे बड़े लाभार्थियों में भारतीय शामिल हैं। एच-1बी वीजा के जरिए हर साल करीब साढ़े छह लाख विदेशी कुशल कर्मचारियों को अमेरिका में काम करने की मंजूरी दी जाती है। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने कहा कि आवेदनकताओं का चुनाव में धोखाधड़ी को कम करने के आवेदन प्रक्रिया में कुछ प्रावधान किए गए हैं।

### 1990 में हुई थी एच-1बी वीजा प्रोग्राम की शुरूआत

एच-1बी वीजा नॉन इमीग्रेंट वीजा प्रोग्राम के तहत विशेष क्षेत्रों में विदेशी कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर नियुक्त करने की सुविधा देता है। इसके लिए कर्मचारी के पास क्षेत्र विशेष की विशेषज्ञता और शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की तरफ से 17 जनवरी 2025 को एच-1बी वीजा के नियम लागू किए गए थे। एच-1बी वीजा की शुरूआत 1990 में हुई थी।

अमेरिकी राजनीति में भी एच-1बी वीजा का मुद्दा गरम है। दरअसल कई ट्रंप समर्थक नेता एच-1बी वीजा पर रोक की मांग कर चुके हैं, जबकि ट्रंप समर्थक एलन मस्क, विवेक रामास्वामी समेत कई अहम नेता इसके समर्थक हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद एच-1बी वीजा का समर्थन कर चुके हैं।

# सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की मस्क की योजना पर अदालत की रोक, स्कीम की वैधता पर उठे सवाल

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में संघीय कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर नौकरी से निकालने की एलन मस्क की योजना पर एक संघीय अदालत के जज ने फिलहाल रोक लगा दी है। मैसाच्युसेट्स के एक न्यायाधीश ने यह रोक लगाई है। मस्क की योजना की समयसीमा गुरुवार को खत्म हो गई, लेकिन अब अदालत ने इसे सोमवार तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि एलन मस्क, डोनाल्ड ट्रंप की सरकार में सरकारी दक्षता विभाग नामक स्वतंत्र इकाई के प्रभारी हैं। इस विभाग को सरकार के खर्चों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है।



### कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बदले दी जा रहीं सुविधाएं

एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए एक योजना पेश की थी, जिसमें कर्मचारियों को इस्तीफा देने के बदले आठ महीने का वेतन समेत कई अन्य सुविधाएं देने का एलान किया गया है। मस्क ने कहा है कि या तो कर्मचारी योजना का फायदा उठाकर नौकरी से रिटायर हो जाएं या फिर उन्हें भविष्य में नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार की इस योजना के खिलाफ अमेरिका के श्रमिक संघों ने अदालत का रुख किया। जहां मैसाच्युसेट्स की संघीय अदालत के जज जॉर्ज ओ टूल ने योजना पर रोक लगा दी है और मामले की सुनवाई करने का फैसला किया है।

### अब तक 40 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का कहना है कि अब तक रिटायरमेंट स्कीम का फायदा उठाते हुए 40 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। श्रमिक संघ और डेमोक्रेट सांसद इस योजना का विरोध कर रहे हैं और उन्होंने योजना की वैधता को चुनौती दी है। वहीं सरकार के फैसलों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से हटाए जाने के चलते अमेरिकी सरकार के कई विभागों का कामकाज बुरी तरह से बाधित हो गया है।

इनमें शिक्षा विभाग, खुफिया विभाग और अंतरराष्ट्रीय मदद करने वाले वरअक्क जैसे विभाग शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यूएसएआईडी के वैश्विक कार्यबल को 10 हजार से घटाकर सिर्फ 300 कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन को इसे लेकर विरोध भी खूब झेलना पड़ रहा है।

# गोपीमल धर्मशाला मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिल्ली गेट स्थित गोपीमल धर्मशाला में बनाये गये मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। इसमें नई मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। 56 साल पुराने इस मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल और उनकी टीम द्वारा यह पूरा काम सम्पन्न कराया गया। शुक्रवार को प्राचीन मंदिर में प्राण -प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने यहां भजन पूजन में भाग लिया।


# सांसद अतुल गर्ग का लैटर व विधायक संजीव शर्मा का आश्वासन आया काम

## पुलिस ने मुख्य सड़क से हटवाया बाजार, हुआ चांदमारी में शिफ्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को जहां विजयनगर में सम्राट सागर चौक से लेकर थाने के मुख्य मार्ग वाली रोड पर बाजार को पुलिस ने हटवाया था, तो वहीं उसे देर शाम को सेना की खाली जमीन पर चांदमारी इलाके में बाजार को शिफ्ट कर दिया गया है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि गुरुवार को देर शाम से ही मुख्य बाजार जो सड़कों पर लगता था, उसको चांदमारी के खाली स्थान में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही कई अन्य जगहों के लिए भी प्लानिंग की जा रही है। बता दें कि गुरुवार को ही सांसद अतुल गर्ग ने एक लैटर नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और महापौर के नाम लिखा था। जिसमें कहा गया था कि




सदर विधायक संजीव शर्मा के पूर्व के आश्वासन जिसमें कहा गया है कि विजयनगर के बाजार को चांदमारी में लगाया जाए। उसका असर देखने को मिला है।

### शनिवार और रविवार के मार्केट पर अभी स्थिति नहीं है क्लियर

**करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पैठ, साप्ताहिक बाजार और रेहडी पटरी वालों को आश्वासन दिया है कि शनिवार को शास्त्री नगर में लगने वाले शनि बाजार, विजयनगर और लोनी के बाजार लगवाने के लिए वह खुद पहुंचेंगे। पुलिस से वह सीधे तौर पर बात करेंगे। इसके साथ ही अगर किसी प्रकार की स्थिति बिगड़ने का प्रयास हुआ, तो उसकी जिम्मेदारी भी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की ही होगी। वहीं पुलिस के सूत्रों से जो जानकारी मिली है शनिवार को बाजार लगवाने की स्थिति अभी क्लियर नहीं है।

### हर दिन हर क्षेत्र में है कोई ना कोई साप्ताहिक बाजार

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत लगभग 25 थानाक्षेत्र आते हैं। तो वहीं तीनों जोन में प्रतिदिन कोई ना कोई ऐसा थानाक्षेत्र है जहां बड़ा साप्ताहिक बाजार लगता है। इन साप्ताहिक बाजार में सैकड़ो की संख्या में दुकानें लगती हैं। जहां हजारों लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचते हैं। इसकी वजह से जाम और परेशानी की स्थिति बनती है। इसी को खत्म करने के लिए बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा टीलामोड़, इंदिरापुरम व संजय नगर और विजयनगर सहित घंटाघर कोतवाली में अन्य थानाक्षेत्र के बड़े बाजारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का अभियान शुरू किया था, जो बीच में भारी विरोध की वजह से धीमा पड़ गया है।

# भारतीय प्रवासियों के अपमान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

## कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री अमेरिका को लाल आंख दिखाओ व विदेश मंत्री माफी मांगो के नारे लगाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से अमेरिका द्वारा हथकड़ी लगाकर पैरों में बेड़ियां डालकर भेजे गए भारतीय प्रवासियों के अपमान में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से नवयुग मार्केट में विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनीत त्यागी व विजय चौधरी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के नागरिकों के अपमान के विरोध में अभी तक देश के प्रधानमंत्री ने ना तो लाल आंखें दिखाई दी है ना ही देश के विदेश मंत्री द्वारा देश व नागरिकों के अपमान का विरोध किया गया है। गैर कानूनी तरीके से रह रहे भारतीयों का समर्थन कांग्रेस पार्टी भी नहीं करती परंतु जिस तरह से काले पानी की सजा काट रहे लोगों की तरह अमेरिका का व्यवहार करना और अपने ही देश में हमारे भारतीयों को हथकड़ी लगाकर लाना यह देश के नागरिकों का नहीं पूरे भारत देश का विश्व पटल पर अपमान है। जिससे पता चलता है कि उनकी विदेश नीति पूरी तरह से फेल है



विदेश मंत्री को पूरे देश से इस घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री अमेरिका को लाल आंख दिखाओ व विदेश मंत्री माफी मांगो के नारे लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के विजेंद्र यादव, वीर सिंह जाटव, त्रिलोक सिंह, आशुतोष गुप्ता, आशीष प्रेमी, सलीम सैफी, सूर्यकांत शर्मा, दिवाकर, हरीश कंसल, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश चौधरी, अरविंद, विनोद शर्मा, उदय सिह पाल, हिमायूं मिर्जा, सतीश चंद्र शर्मा, अमित शर्मा, कपिल यादव, अब्बासी सलीम अहमद, सुरेश चंद्र शर्मा, राजन चित्तौड़िया, महेंद्र कुमार गौतम आदि सम्मानित साथी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पूरबिया जन कल्याण परिषद्, पूर्वांचल व उत्तरांचल समाज ने किया डीएम दीपक मीणा का सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूरबिया जन कल्याण परिषद्, पूर्वांचल समाज व उत्तरांचल समाज ने साथ मिलकर शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा का प्रातः 11.30 बजे उनके कार्यालय में भव्य अभिनन्दन किया। आचार्य विद्या नन्द झा, नवीन झा ने वैदिक मंत्रों से स्वस्तिवचन.. शांति पाठ मंत्रों से जिलाधिकारी को आशीर्वाद दिया। डीएम के उज्वल भविष्य की कामना की गयी। संगठन और दोनों समाज 24 घंटे प्रशासन के सहयोग के लिए साथ रहेगा। इस मौके पर रीता सिंह, पंडित राकेश तिवारी, सच्चिदानंद पोखरियाल, मनोज कुमार, अवध किशोर उपाध्याय, नीलेश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। बहुत जल्द दोनों भवनों के शिलान्यास के समय के मुख्यमंत्री के भाषण का अवलोकन कर जल्द हीं जिलाधिकारी पूर्वांचल, उत्तरांचल भावना का निरिक्षण करेंगे। बचे हुए कार्य की समीक्षा होंगी।

# इंद्रजीत सिंह टीटू ने लिखा डीएम दीपक मीणा को पत्र

## कहा, साप्ताहिक बाजार मामले में डीएम निकालें कोई रास्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को पत्र लिखा है कि रोड पर साप्ताहिक बाजार विषय पर जनप्रतिनिधियों की मीटिंग बुलाकर इसका निवारण किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से गुजारिश की है कि साप्ताहिक बाजार की वजह से शहर में जाम लगता है और आमजन को दिक्कत होती है। इसका जल्द निवारण होना चाहिए। खास तौर से मेरी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल किसान मजदूर आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति से संबंध रखती है और गरीब आदमी के हक की लड़ाई लड़ने के लिए अगली पंक्ति में रहती है। उन्होंने जिलाधिकारी को एक विनम्र सुझाव दिया है कि गाजियाबाद के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि और साप्ताहिक बाजार से जुड़े हुए पदाधिकारी आपके पास बैठें। आप शहर की जो समस्या जाम को लेकर है बाजार की वजह से जो दिक्कत है आप उनसे डिस्कस करें और आपके सामने से जनप्रतिनिधि और बाजार वाले उसका रास्ता बताएं। आशा ही नहीं उम्मीद है कि मेरा अनुरोध स्वीकार करें और जल्द मीटिंग बुलाकर इसका निवारण करेंगे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समय सारिणी तय

## त्रुटियों को सही करने के लिए 5 से 10 फरवरी 2025 तक का समय निर्धारित किया गया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत 28 नवंबर 2024 द्वारा अनुसूचित/जनजाति के छात्रों हेतु समय सारिणी निर्गत की गई है। छात्रों के स्तर से उनके आवेदन पत्र में हुई त्रुटियों को सही करने हेतु 5 से 10 फरवरी 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। उक्त संशोधन उपरान्त छात्र 13 फरवरी 2025 तक संशोधित आवेदन पत्र को संस्था में जमा करा सकता है।

जनपद में सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऐसे छात्र जिन्होंने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया था, को सूचित किया जाता है कि वह छात्र अपना छात्रवृत्ति लागिन करके उस आवेदन में प्रदर्शित त्रुटि का समयान्तर्गत संशोधन कर संशोधित आवेदन पत्र शिक्षण संस्थान में दिनांक 13 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करा दे। समयान्तर्गत प्रदर्शित त्रुटि का संशोधन नहीं किये जाने की स्थिति में छात्र को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभप्राप्त नहीं हो पायेगा।

# दो मुकदमों में राकेश टिकैत व विधायक योगेश धामा को मिली अग्रिम जमानत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व बागपत विधायक योगेश धामा व पूर्व मंत्री तथा कई विधायकों ने पांच हजार किसानों व कार्यकर्ताओं के साथ सन 2014 मे मुरादनगर गंग नहर पर चौधरी अजित सिंह के दिल्ली निवास को खाली किये जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया था जिसमें पुलिस द्वारा किसानों के साथ साथ राकेश टिकैत, पूर्व मंत्री दलवीर सिंह, व कई नामजद विधायकों व किसानों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को गाज़ियाबाद त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 2 ( विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए) की सेशन कोर्ट निशांत मान के न्यायालय में राकेश टिकैत व बागपत विधायक योगेश धामा ने अपने अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका प्रस्तुत की। जमानत याचिका पर बहस के बाद विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए, त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 2 के न्यायाधीश निशांत मान ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर की है। एक सप्ताह पूर्व भी इसी घटना से जुड़े एक अन्य मामले में भी राकेश टिकैत सहित अन्य विधायकों की जमानत मंजूर की गई थी।

# गैंगस्टर की थार जब्त, एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने का झांसा देता था, पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** एविएशन सेक्टर में नौकरी और मुद्रा लोन दिलाने वाले एक आरोपी की संपत्ति को नोएडा पुलिस जब्त कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी 2023 में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने की थी। इसका एक साथी भी गिरफ्तार किया गया था। दोनों मिलकर बेरोजगार युवकों को फोन करके एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर जारी करते थे। प्रोसेसिंग और बहुत से दस्तावेजों को वेरिफाइ कराने के नाम पर एक व्यक्ति से 50 से 60 हजार रुपए तक लेते थे। जब्त की गई कार की थार की कीमत 12.84 लाख पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी योगेश शर्मा के थार कार को जब्त किया गया। आरोपी पर गैंगस्टर लगाया जा चुका है। थार की अनुमानित करीब 12 लाख 84 हजार रुपए आंकी जा रही है। इसकी और संपत्ति भी जब्त की जाएगी। जिसकी पहचान की जा रही है। पुलिस ने बताया कि योगेश ने अपने साथी के साथ मिलकर नोएडा के सेक्टर-63 के इन दोनों ने मिलकर तृतीय तल पर ऑफिस नंबर टी-4 में कंपनी खोली थी। ये लोग सोशल मीडिया कंपनी का प्रचार करते थे। साथ ही डार्क वेब से डेटा लेकर बेरोजगार लोगों को फोन करते थे।

# 10 फरवरी 2025 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## 1,66,0943 स्कूली छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएंगी : सीएमओ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले के सभी सरकारी, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 10 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाना है। इसके लिए बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अखिलेश मोहन ने जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी 2025 को 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी छात्र छात्राओं को एल्बेंडा जोल की गोलियां खिलाई जानी हैं। 10 फरवरी को दवा खाने से वंचित बच्चों के लिए 14 फरवरी 2025 को मापअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एल्बेंडाजोल की 400 एमजी की गोली स्कूलों में आवश्यकतानुसार उपलब्ध करा दी गई है। एक से दो साल के बच्चों को आधी गोली चूर्ण बनाकर पानी के साथ देना है। दो साल से ऊपर के बच्चे एल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खा सकते हैं। जनपद में कुल 1660943 स्कूली छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है।

# भिवानी में बैंककर्मी बताकर ठगने वाला गिरफ्तार

## क्रेडिट पॉइंट्स को रुपयों में बदलने का झांसा

### ठगी के पैसों को अपने खाते से निकालकर मुख्य आरोपियों को लेता था 40% कमीशन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भिवानी साइबर क्राइम पुलिस ने ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला आरोपी गगन खुद को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों को ठगता था।

मामला 7 जून 2023 का है, जब भिवानी के गांव कुंगड़ निवासी नरेंद्र को एक फोन कॉल आया। कॉलर ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के हेड ऑफिस से होने का दावा किया और क्रेडिट कार्ड पॉइंट्स को रुपयों में बदलने का झांसा देकर 50,754 रुपए की धोखाधड़ी कर ली थी।

### मुख्य आरोपियों को रकम देने पर मिलता था कमीशन

पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुख्य सिपाही रफीक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी गगन को भिवानी से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह ठगी के पैसों को अपने खाते से निकालकर मुख्य आरोपियों को देता था, जिसके बदले उसे 40% कमीशन मिलता था।

पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल फोन और 2 हजार रुपए बरामद किए हैं। एक दिन की पुलिस रिमांड के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# कलछीना में महिला की मौत: घर में पंखे से लटककर किया सुसाइड



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव कलछीना में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। दिल्ली में काम करने वाले शाहरुन की पत्नी हिना ने अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। महिला के पीछे चार बच्चे हैं।

घटना शुक्रवार दोपहर की है। हिना दोपहर लगभग दो बजे अपने कमरे में गई और दरवाजा बंद कर लिया। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो हिना का शव दुपट्टे के फंदे से पंखे पर लटका हुआ था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर जांच शुरू की। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई शिकायत आती है तो उसके आधार पर जांच की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा कोर की बैठक के बाद अब गंगा के छोर पर है। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ में परिवार ओर कार्यकताओं के साथ संगमतट पर डुबकी लगाई। पवित्र स्नान के बाद उन्होंने सभी के कल्याण की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।